भारतेन्दु शिखर

हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू व उत्तराखंड में प्रसारित

शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/2000/02437 | शिमला | सोमवार, 12 अक्तूबर 2026 | 26 अश्विन, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 28, अंक 168, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | info@bhartendushikhar.com | 8894677702

सूर्योदय 6:22 सूर्यास्त 5:54

आज का तापमान

शिमला	12.0 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	14.0 न्यू	21.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	72,472
निफ्टी	22,520

सोना 1,50,100 | चांदी 2,21,000

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लें रेल-इंटरनेट सेवाएं बहाल रखें : सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली प्रदर्शन मामले में अधिकारियों को नोटिस, सुप्रीम कोर्ट ने कल तक मांगा जवाब

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान मेट्रो-ट्रेन सेवाएं बंद करने, इंटरनेट बाधित करने और लोगों को हिरासत में लेने से जुड़ी याचिकाओं पर रविवार को सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने सुनवाई की।

कोर्ट ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए। इंटरनेट बाधित नहीं होना चाहिए और लोगों की आवाजाही नहीं रोकी जानी चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि 9 अक्तूबर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि प्रदर्शन के कारण दिल्ली मेट्रो और यहां आने वाली ट्रेनों की आवाजाही



पर पूरी तरह रोक न लगाई जाए। इसके बावजूद शनिवार को कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ। इस पर कोर्ट ने दिल्ली के अधिकारियों को नोटिस जारी कर मंगलवार तक जवाब मांगा। इससे पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सीजेपी लीडर अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को रविवार सुबह करीब 10 बजे रिहा करने का आदेश दिया। तीनों 23 घंटे पुलिस कस्टडी में रहे। सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर 2 याचिकाएं दाखिल की गई थीं। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की बेंच ने इस पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार और दिल्ली पुलिस का पक्ष रखा। वहीं, एडवोकेट कपिल सिब्बल, गोपाल शंकरनारायणन, मेनका गुरुस्वामी, संजय हेगड़े, शोएब आलम और शादान फरासत ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा।

दिल्ली में लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन, 100 हिरासत में

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अभिजीत दीपके की हिरासत वाला वीडियो रविवार को जारी कर कॉकरोच पार्टी के आरोपों को झूठा बताया। दरअसल दिन में सीजेपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि दादी के निधन की खबर सुनकर दीपके पुलिस से बार-बार अपने कजिन से बात कराने की गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।इस पर दिल्ली पुलिस ने जवाब दिया कि उन्हें हरसंभव मदद की पेशकश की गई थी, लेकिन दीपके ने खुद ही किसी से भी बात करने से मना कर दिया था। अभिजीत दीपके, अशुतोष रांका और सौरव दास



करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद रविवार सुबह 10 बजे रिहा हुए। ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। दिल्ली में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात हैं। 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

भारत का भविष्य होगा शानदार मुझे पूरा भरोसा : पीएम मोदी



◆ पीएम मोदी ने चेन्नई मेट्रो के फेज-2 प्रोजेक्ट के 14.6 किमी लंबे रूट का किया उद्घाटन

एजेंसी, चेन्नई। पीएम मोदी ने रविवार को चेन्नई में कहा कि मंदिरों से लेकर मेट्रो तक तमिलनाडु में नए भारत की झलक दिखती है। भारत अपनी सांस्कृतिक ताकत से प्रेरणा लेता है, वैज्ञानिक प्रगति के जरिए आगे बढ़ता है।

मोदी ने चेन्नई मेट्रो के फेज-2 प्रोजेक्ट के 14.6 किमी लंबे पूनमल्ली-वडापालानी रूट का उद्घाटन भी किया। इसके बाद पीएम ने खुद ट्रेन में यात्रा की, इस दौरान तमिलनाडु के सीएम विजय भी उनके साथ मौजूद थे। इसके बाद वे जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यायल के गोल्डन जुबली इवेंट में पहुंचे, जहां उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि भारत का भविष्य बहुत शानदार होगा। मुझे पूरा भरोसा है। इसके बाद उन्होंने बच्चों से वी विल डू इट का नारा लगवाया। 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद यह पीएम मोदी का पहला चेन्नई दौरा है। 2026 में टीवीके ने जीत हासिल की और एक्टर विजय सीएम बने। कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है।

मोदी ने कहा आज का युवा विकसित भारत के विजन की ताकत बनना चाहता है। इसके लिए जो नया आइडिया, सॉल्यूशन चाहिए। उनसे भारत ही नहीं विश्व का भविष्य भी तय होगा। पीएम ने कहा मैं चाहता हूं हर युवा अपने भविष्य को उसी बड़े कैनवास पर देखें क्योंकि यह आपका समय है। आपका मौका है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह सपना पूरा होकर रहेगा-टुगेदर वी विल डू इट।

न्यूज शॉर्ट्स

अफ्रीकी देश जिबूती के पास नाव डूबी, 109 की मौत, 116 लापता

एजेंसी, जिबूती सिटी। अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास प्रवासियों से भरी नाव डूबने से 109 लोगों की मौत हो गई, जबकि 116 लोग लापता हैं। नाव में करीब 305 लोग सवार थे। हादसे में 80 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संस्था (आईओएम) के मुताबिक, सभी जीवित बचे लोग इथियोपिया के नागरिक हैं। हादसा 8 और 9 अक्तूबर की दरमियानी रात जिबूती के ओबॉक शहर के उत्तर में हुआ। आईओएम के मुताबिक, हादसे के बाद अब तक 109 शव बरामद किए गए हैं। इनमें 52 पुरुष, 42 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं। बच्चों में 9 लड़कियां और 6 लड़के हैं।

होर्मुज में तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया



एजेंसी, तेहरान। होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया। रॉयटर्स के मुताबिक, 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच होर्मुज स्ट्रेट के आसपास तेल, लिक्विफाइड नेचुरल गैस और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस ले जाने वाले टैंकरों से जुड़ी 13 घटनाएं हुईं। अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व वाले जॉइंट मैरीटाइम इन्फॉर्मेशन सेंटर ने रविवार को कहा कि होर्मुज में ऐसी गतिविधियां जारी हैं। उन्होंने कहा, 'इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।'

टीएमसी विधायक बिभास पर हमला

एजेंसी, कोलकाता। बंगाल के बारुईपुर ईस्ट से टीएमसी विधायक बिभास सरदार की गाड़ी पर शनिवार को हमला किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। सरदार ने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। सरदार के मुताबिक, पहले उनकी कार का शीशा ईंट मारकर तोड़ा गया। इसके बाद गोलबेरिया हाट में हुए दूसरे हमले में उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में उनकी आंख में चोट आई है। बंगाल में 4 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। 15 साल बाद टीएमसी सत्ता से बाहर हो गई और पहली बार बीजेपी की सरकार बनी। चुनाव के बाद पिछले 5 महीनों में ज्जटीएमसी के 26 से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर अंडे फेंकने या हमले की घटनाएं सामने आई हैं।

मनसा देवी मंदिर में प्रदेश की पहली टूरिस्ट पुलिस पोस्ट शुरू, सीएम सैनी ने किया उद्घाटन

एजेंसी, पंचकूला। पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए अब थाने तक नहीं जाना पड़ेगा। मंदिर परिसर में ही शिकायत और एफआईआर संबंधी सुविधा देने के लिए हरियाणा की पहली टूरिस्ट पुलिस पोस्ट शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को इसका उद्घाटन किया। यहां 20 विशेष रूप से प्रशिक्षित जवान तैनात रहेंगे और 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से मंदिर परिसर की निगरानी होगी। टूरिस्ट पुलिस पोस्ट पर श्रद्धालुओं को दर्शन की कतार, प्रसाद, लंगर, जूता घर और पार्किंग के साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा ऑटो-ई-रिक्शा की सुविधा के बारे में जानकारी मिलेगी। दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की मदद के लिए जवानों को संवाद और व्यवहार का विशेष



जेबकतरों और चेन स्नैचिंग पर रहेगी नजर

पोस्ट में स्थापित नियंत्रण कक्ष से 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की लाइव निगरानी की जाएगी। इससे संदिग्ध गतिविधियों, जेबकतरों और चेन स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर नजर रखने में मदद मिलेगी। गुमशुदगी या सामान खोने की शिकायत भी मंदिर परिसर में दर्ज कराई जा सकेगी। पहले ऐसी शिकायतों के लिए श्रद्धालुओं को करीब दो किलोमीटर दूर स्थित माता मनसा देवी थाने जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों से पोस्ट की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली। आपात स्थिति, चिकित्सा जरूरत, भीड़ प्रबंधन और वीआईपी आवागमन के दौरान पुलिस मंदिर बोर्ड, स्वास्थ्य और अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय करेगी। पुलिस का उद्देश्य श्रद्धालुओं को एक ही जगह सुरक्षा, मार्गदर्शन और शिकायत निवारण की सुविधा देना है।

प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी अलग वर्दी होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से पहचाना जा सके।

दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में आग लगी, पावर बैंक फटने से लगेज जला

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई। धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया। इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। जिसमें यात्री फायर-फायर चिल्लाते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वहां बैठे दूसरे यात्री ओवरहेड बिन (सामान रखने वाली जगह) से सामान हटाते दिखाई दे रहे हैं।

नवरात्र के पहले दिन झंडेवालान मंदिर पहुंची मुख्यमंत्री, मां भगवती के किए दर्शन

दिल्ली को बंधक बनाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं : रेखा गुप्ता



एजेंसी, नई दिल्ली। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने झंडेवालान मंदिर पहुंचकर मां भगवती के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान उन्होंने मां के चरणों में दिल्ली सहित समस्त देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति, शक्ति और सदाचार का संदेश देता है। मां के नौ स्वरूप जीवन में साहस, संयम, तपस्या, करुणा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कामना की कि मां भगवती की कृपा से दिल्ली और देश निरंतर प्रगति करें तथा प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली में अराजकता फैलाने, आम नागरिकों को परेशान करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर आम जनता को परेशान करना, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और शहर की सामान्य व्यवस्था बाधित करना उचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के हित और विकास से ऊपर अपना स्वार्थ रखने वाले तथा देश की तरक्की से परेशान होने वाले लोगों को सद्बुद्धि मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग देशहित में आगे नहीं बढ़ सकते और देश की प्रगति में खुशी महसूस नहीं कर सकते, उनसे दिल्लीवासियों का कोई सरोकार नहीं है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और शहर की सामान्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली को बंधक बनाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाना और शहर की व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की जनता के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

ट्रंप बोले- यूक्रेन को नए राष्ट्रपति की जरूरत, पुतिन चाहते हैं शांति



◆ जेलेंस्की ने अमेरिका-रूस के बीच डीजल डील का विरोध किया था

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों से दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की बातचीत के मौके गंवा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा। जेलेंस्की ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि इससे रूस को युद्ध जारी रखने के लिए और पैसा मिलेगा। ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से रूस की तेल रिफाइनरियों पर किए जा रहे हमलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन हमलों से दुनिया में ईंधन की समस्या बढ़ सकती है। यूक्रेन रूस की तेल से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई और उसकी सेना तक ईंधन पहुंचाने की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

नेपाल की बूढ़ी गंडक नदी में आई बाढ़

कई पुल-घर बहे, लैंडस्लाइड से स्यारी नदी का रास्ता बंद, 10 लापता

एजेंसी, काठमांडू। नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडक नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी



जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया।

इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं। सरकार ने बताया कि लगातार हो रहे भूस्खलन के बीच लापता लोगों की तलाश जारी है।

गुरु का घर हमेशा जरूरतमंदों को शरण देता आया है : मुख्यमंत्री मान

◆ कहा- सिख कौम इस कथित अपमानजनक कार्रवाई को कभी माफ नहीं करेगी

एजेंसी, चंडीगढ़। दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के बाद गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में पुलिस के प्रवेश को लेकर पंजाब की सियासत गर्मा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए भाजपा को घेरा है।



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। वहीं, आप के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगने की अपील की है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इतिहास गवाह है कि गुरु का घर हमेशा जरूरतमंदों को शरण देता आया है। यदि प्रदर्शन करने वाले युवा गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे थे, तो गुरुघर की परंपरा के अनुसार सेवादार उन्हें शरण देते।

उन्होंने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने नंगे सिर और जूते पहनकर गुरुद्वारा साहिब में प्रवेश किया, जिससे गुरुघर की मर्यादा को ठेस पहुंची है। मान ने कहा कि सिख कौम इस कथित अपमानजनक कार्रवाई को कभी माफ नहीं करेगी।

कन्या पूजन तभी सार्थक, जब बेटियों को मिले सम्मान, सुरक्षा व समान अवसर : सीएम धामी



◆ मुख्यमंत्री ने 149 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया

एजेंसी, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कन्या पूजन की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब बेटियों को सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। बेटियां केवल परिवार की खुशियां ही नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी हैं।

मुख्यमंत्री ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित आईआरटीडी प्रेक्षागार में आयोजित 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम' में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 149 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्र का प्रथम दिवस एक साथ होना विशेष संयोग है। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को शक्ति का स्वरूप मानकर पूजा जाता है। इस परंपरा को सार्थक बनाने के लिए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना और लखपति दीदी जैसी पहलों से महिलाओं व बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार भी बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार तक विभिन्न स्तरों पर सहयोग दे रही है। धामी ने बताया कि राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। नंदा गौरा योजना के तहत बेटी के जन्म पर 11 हजार रुपए और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना से अब तक चार लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित हो चुकी हैं।

संबोधन मुख्यमंत्री सुक्खू ने एनएलयू शिमला के तीसरे दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

न्याय केवल आदेशों तक सीमित नहीं, निष्पक्षता व संवेदनशीलता भी जरूरी

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू), शिमला के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में न्याय का अर्थ केवल न्यायिक आदेशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें निष्पक्षता, विवेकशीलता और प्रत्येक मामले की परिस्थितियों को समुचित रूप से समझना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून और न्याय की वास्तविक सार्थकता इसी में निहित है कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों को भी न्याय मिलने की उम्मीद हो, जरूरतमंदों की आवाज सुनी जाए और प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों की सुरक्षा का विश्वास हो।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज में न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों



को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्नातक विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे दृढ़ संकल्प, ईमानदारी व निरंतर प्रयासों के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करें। अपने शैक्षणिक जीवन का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से विधि की डिग्री प्राप्त की है। हालांकि, उनकी प्राथमिक रुचि राजनीति में रही, लेकिन विधि की शिक्षा उनके राजनीतिक जीवन में भी उपयोगी सिद्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध करवाने के लिए न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

न्यायपालिका को लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि संविधान के तीनों अंगों का मूल उद्देश्य नागरिकों की सेवा करना और उनके अधिकारों तथा न्याय की रक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों का संविधान और न्याय व्यवस्था में गहरा विश्वास है। हालांकि, जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं और पहलों के क्रियान्वयन में जब न्यायिक निर्णयों के कारण व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं, तो कुछ प्रश्न भी सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में भर्ती नियमों में स्पष्ट प्रावधान न होने के बावजूद वित्तीय लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं, जिससे राज्य के राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में सरकार ने यह निर्णय लिया था कि अनुबंध कर्मचारियों को वरिष्ठता और वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जाएगा। हालांकि, लगभग दो दशक बाद न्यायालय ने भर्ती नियमों में ऐसा कोई प्रावधान न होने के बावजूद वित्तीय लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

हिमाचल 'धरती पर स्वर्ग' के समान : एमएम सुंदरेश

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश 'धरती पर स्वर्ग' के समान है। उन्होंने कहा कि समाज में विधि स्नातकों की विशिष्ट भूमिका है। स्नातक विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा 'लॉ के विद्यार्थी के रूप में आप दूसरों से अलग हैं। आप सोशल इंजीनियर, सोशल डॉक्टर और सोशल आर्किटेक्ट हैं।' न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा कि कानून और न्याय के प्रति सम्मान केवल कानूनी प्रावधानों की सैद्धांतिक समझ तक सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रभावी व्यवस्था के लिए ज्ञान, न्याय की गहरी भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता जरूरी है।

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को जनकल्याण से जोड़ने पर दिया जोर

अग्रवाल सभा के सामाजिक योगदान की राज्यपाल ने की सराहना , युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

भारतेन्दु संवाददाता, सोलन। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके सिद्धांतों को अपनाकर आर्थिक समृद्धि को समाज सेवा, करुणा और सामूहिक उत्तरदायित्व से जोड़ने की आवश्यकता है। वह सोलन में अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाज के लोगों से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।



राज्यपाल ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

राज्यपाल ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति केवल आर्थिक समृद्धि में नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता, पारस्परिक सहयोग और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता में भी निहित है। महाराजा अग्रसेन का 'एक ईंट, एक रुपया' सिद्धांत सामूहिक योगदान और सहयोग की भावना का प्रतीक है। इसके तहत प्रत्येक व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार दूसरों की मदद करता है। आज भी इस सिद्धांत को अपनाकर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा, गरीबों के उपचार, युवाओं के कौशल विकास और जरूरतमंद परिवारों की सहायता की जा सकती है।

कविन्द्र गुप्ता ने अग्रवाल सभा, सोलन की लगभग 80 वर्षों से शिक्षा, सामाजिक कल्याण, धार्मिक गतिविधियों और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में दी जा रही सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदायों के लोगों को साझा मंच पर लाकर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना सराहनीय प्रयास है। किसी भी समुदाय की वास्तविक शक्ति समाज के समग्र कल्याण में उसके योगदान से सामने आती है।

राज्यपाल ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। युवाओं को केवल रोजगार तलाशने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले भी बनना चाहिए।

सामाजिक दायित्व निभाने और सद्भाव बढ़ाने पर जोर

राज्यपाल ने उद्यमिता, नवाचार और सामाजिक चुनौतियों के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही अग्रवाल सभा से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, कौशल विकास, युवा मार्गदर्शन, महिला सशक्तीकरण और जरूरतमंद वर्गों की सहायता से जुड़ी गतिविधियों का विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जयंती केवल महान व्यक्तित्व को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराने का भी दिन है। उन्होंने सभी से समृद्धि के साथ सेवा, सफलता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व तथा व्यक्तिगत और सामुदायिक पहचान के साथ सामाजिक सद्भाव का संकल्प लेने की अपील की। इससे पूर्व राज्यपाल ने सोलन बाजार में स्थापित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। पूर्व मंत्री डॉ. राजीव बिंदल ने उनका स्वागत किया।

चमियाना अस्पताल में वेतन संकट, 30 स्वास्थ्यकर्मी परेशान

कर्ण नंदा ने सरकार से जवाब मांगा, कर्मचारियों का लंबित वेतन तुरंत जारी करने की मांग की

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाना में तैनात कर्मचारियों का वेतन रोके जाने के मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि राजधानी के प्रमुख सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को अपने वेतन के लिए इंतजार करना पड़ना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

कर्ण नंदा ने कहा कि प्रकाशित समाचार के अनुसार चमियाना अस्पताल में कार्यरत लगभग 30 नर्सिंग, पैरामेडिकल और अन्य कर्मचारियों को सितंबर महीने का वेतन नहीं मिला है। उनके अनुसार, इन कर्मचारियों को अक्टूबर 2025 में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) से चमियाना स्थानांतरित किया गया था। स्थानांतरण आदेशों में शिफ्ट शब्द का इस्तेमाल किया गया था, लेकिन अब प्रतिनियुक्ति से जुड़े आदेशों को लेकर पैदा हुए विवाद के कारण कर्मचारियों का वेतन



चमियाना अस्पताल में वेतन विवाद पर भाजपा मुखर

प्रभावित होने की बात सामने आई है।

नंदा ने कहा कि जिन कर्मचारियों को मरीजों की देखभाल और चिकित्सा सेवाओं के संचालन के लिए दूसरे संस्थान में भेजा गया, उन्हें प्रशासनिक आदेशों की अस्पष्टता के कारण वेतन के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का वेतन कोई सरकारी कृपा नहीं, बल्कि उनके काम का अधिकार है। यदि स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेशों में कोई तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या है, तो उसका समाधान संबंधित विभागों और सरकार को करना चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से सवाल किया कि जब कर्मचारियों को सरकारी आदेशों के माध्यम से चमियाना अस्पताल भेजा गया था, तो उनके वेतन भुगतान में बाधा क्यों उत्पन्न हुई? क्या संबंधित विभागों के बीच समन्वय का अभाव है और क्या कर्मचारियों को स्थानांतरित करने से पहले वेतन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई थी? नंदा ने कहा कि सरकार को इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

भाजपा नेता ने कहा कि चमियाना सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रदेश के गंभीर मरीजों के उपचार के लिए महत्वपूर्ण संस्थान है। यहां नर्सिंग, पैरामेडिकल और तकनीकी कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम है।

लंबित वेतन जारी करने की मांग

कर्ण नंदा ने सरकार से मांग की कि चमियाना अस्पताल के प्रभावित कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए। साथ ही, उनके स्थानांतरण और प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेशों की स्थिति स्पष्ट कर विवाद का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि प्रशासनिक निर्णयों के कारण कर्मचारियों का वेतन न रुके तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें।

रामपुर में चिट्टा तस्करी का भंडाफोड़ पंजाब-हिमाचल के दो युवक गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। शिमला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रामपुर में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 18 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पुलिस के अनुसार, 10 अक्टूबर को उपमंडल रामपुर की पहचान एवं जांच शाखा की टीम राष्ट्रीय राजमार्ग-05 पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम खनेरी स्थित महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर के समीप मौजूद थी। वहां जांच के दौरान दो व्यक्तियों के कब्जे से लगभग 18 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गौरव (23) निवासी तहसील मूनक, जिला संगरूर, पंजाब और राहुल (29) निवासी तहसील रामपुर, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। बरामदगी के बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की।

इस मामले में पुलिस थाना रामपुर में प्राथमिकी संख्या 108/2026, दिनांक 11 अक्टूबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि आरोपितों के पास नशीला पदार्थ कहां से आया था और क्या इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं।

जुन्गा पुलिस बटालियन में नि:शुल्क आधुनिक ई-लाइब्रेरी हुई शुरू

जुन्गा में पुलिसकर्मियों और ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। प्रथम हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस बटालियन, जुन्गा में रविवार को आधुनिक ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। बटालियन के कमांडेंट भूपेन्द्र सिंह नेगी ने इसका उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करवाना तथा उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। ई-लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए आधुनिक संसाधनों का लाभ मिल सकेगा।

कमांडेंट भूपेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि बटालियन की यह ई-लाइब्रेरी केवल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जुन्गा और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों तथा युवाओं के लिए भी पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध होगी। यहां विद्यार्थी केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी



जुन्गा पुलिस बटालियन में कमांडेंट भूपेंद्र सिंह नेगी ने ई-पुस्तकालय का किया उद्घाटन

के लिए डिजिटल सामग्री का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्रामीण युवाओं को अध्ययन के बेहतर अवसर मिलेंगे और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहन मिलेगा।

कमांडेंट ने बताया कि सतलुज जल विद्युत परियोजना की ओर से ई-लाइब्रेरी के लिए 75 इंच का स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाया गया है। इसके माध्यम से सप्ताह में एक दिन स्थानीय लोगों के लिए नि:शुल्क फिल्म प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने इस सहयोग के लिए परियोजना प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। साथ ही, पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक प्रकाशानंद ने कहा कि वह पिछले 50 वर्षों से प्रथम हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस बटालियन, जुन्गा से जुड़े हुए हैं। उनके अनुसार, पिछले पांच महीनों में बटालियन में जिस तरह के सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं, वे अपने आप में उल्लेखनीय हैं।

ग्राम पंचायत जुन्गा के प्रधान रामलाल ने ई-लाइब्रेरी को ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन और पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। व्यापार मंडल जुन्गा के प्रधान राजेश कुमार ने कहा कि यह पहल बटालियन और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग, विश्वास और सहभागिता को मजबूत करने का उदाहरण है।

बटालियन में कार्यरत महिला कर्मचारियों एलसी रितिका शर्मा और एलसी ज्योति ने भी ई-लाइब्रेरी की स्थापना को महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाबिता राणा, उप पुलिस अधीक्षक हरीश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक कमल किशोर और चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित शर्मा सहित बटालियन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसपुर मंदिर में नवरात्र की पहली ज्योति प्रज्ज्वलित कर अग्निहोत्री ने की पूजा

भारतेन्दु संवाददाता, हरोली। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन हरोली विधानसभा क्षेत्र के इसपुर स्थित पुनर्निर्मित शीतला माता मंदिर में प्रथम ज्योति प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया और मां शीतला से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



मंदिर के पुजारी बाल कृष्ण ने उप मुख्यमंत्री से विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद मंदिर में आरती की गई। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व श्रद्धा, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह पर्व हमें आत्मिक शांति प्राप्त करने के साथ समाज में सद्भाव, प्रेम और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया। मंदिर में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक आयोजन के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य, स्थानीय ग्रामीण और अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

शिक्षकों का क्रमिक अनशन 78वें दिन भी जारी रहा

शिक्षकों ने मांगें पूरी करने के लिए सरकार से जल्द कार्रवाई की अपील की

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन रविवार को 78वें दिन भी स्कूल शिक्षा निदेशालय, शिमला में जारी रहा। शिक्षकों ने अपनी न्यायोचित मांगों को पूरा करने और अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया। अनशन के 78वें दिन जिला कांगड़ा के पीटीएफ ब्लॉक बैजनाथ के पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया।

संघ के अनुसार, प्रदेशभर के शिक्षक एकजुटता, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ आंदोलन में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अनशन पर बैठे शिक्षकों ने प्रदेश सरकार से अपील की कि उनकी सभी न्यायोचित मांगों को जल्द पूरा किया जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।



शिक्षक मांगों को लेकर क्रमिक अनशन पर

संघ महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के अनुरूप लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चला रहा है। दो अक्टूबर को शिमला में राज्य, जिला और खंड स्तर के पदाधिकारियों सहित महिला विंग ने काले बिल्ले लगाकर शिक्षण कार्य करने के अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद तीन अक्टूबर से प्रदेशभर में शिक्षक और मध्याह्न भोजन योजना से जुड़े कार्यकर्ता भी काले बिल्ले लगाकर काम कर रहे हैं।

संघ ने आगामी विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले प्रदेश के सभी 68 विधायकों को शिक्षकों की मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, शीतकालीन सत्र के दौरान धर्मशाला में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संघ का आंदोलन 11 जुलाई 2026 को पैदल न्याय यात्रा के शिमला पहुंचने के बाद आगे बढ़ा था। इसके बाद 26 जुलाई को चौड़ा मैदान में विशाल धरना दिया गया और फिर क्रमिक अनशन शुरू किया गया।

चूड़धार के दुर्गम जंगल में फंसे दो लोगों को पुलिस ने बचाया

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। चूड़धार क्षेत्र के दुर्गम जंगल में रास्ता भटकने वाले दो व्यक्तियों को चौपाल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल रेस्क्यू कर लिया। पुलिस टीम ने रात के समय दुर्गम वन क्षेत्र में तलाश अभियान चलाकर दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें मंडाहलाणी में उनके अन्य साथियों के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अक्टूबर 2026 की रात को 112 हेल्पलाइन के माध्यम से पुलिस थाना चौपाल को सूचना मिली कि चूड़धार के जंगल में दो व्यक्ति रास्ता भटक गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और दोनों की तलाश तथा रेस्क्यू के लिए टीम रवाना की।

पुलिस टीम ने दुर्गम वन क्षेत्र में अभियान चलाते हुए सबसे पहले रात



करीब तीन बजे अजय कुमार (31), निवासी जिला कुल्लू, को खोज निकाला। इसके बाद सुबह करीब पांच बजे नक्श ठाकुर (22), निवासी जिला सिरमौर, को भी सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया। दोनों व्यक्तियों ने स्वयं को स्वस्थ बताया। इसके पश्चात पुलिस टीम ने उन्हें मंडाहलाणी में मौजूद उनके अन्य साथियों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित निकालने में सफलता मिली।

नवरात्र में शिमला पहुंचे सैलानी, भूस्खलन से कालका-शिमला टॉय ट्रेन सेवा प्रभावित

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। नवरात्र के दौरान राजधानी शिमला में सैलानियों और यात्रियों की आमद बढ़ने लगी है, लेकिन कालका-शिमला रेललाइन पर टॉय ट्रेन सेवाएं अभी तक पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई हैं। धर्मपुर के पास भूस्खलन से रेललाइन को नुकसान पहुंचने के बाद रेलवे ट्रेनों का संचालन पूरी तरह बहाल नहीं कर सका है। इससे पर्यटकों को टॉय ट्रेन में सफर करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



वर्तमान में शिमला से धर्मपुर और धर्मपुर से शिमला के बीच केवल एक ट्रेन का संचालन हो रहा है, जबकि पांच ट्रेनें बंद हैं। नवरात्र के दौरान पर्यटकों की संख्या बढ़ने के बावजूद रेल सेवाएं सीमित रहने से यात्रियों के पास विकल्प कम हो गए हैं। कालका से शिमला तक सीधी रेल सेवा बहाल नहीं होने के कारण यात्रियों को बीच के स्टेशनों से आगे की यात्रा दूसरे साधनों से करनी पड़ रही है।

हर साल नवरात्र और पर्यटन सीजन के दौरान कालका-शिमला रेललाइन पर यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए रेलवे पहले अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन भी करता रहा है। हालांकि, इस बार रेललाइन प्रभावित होने से यात्रियों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल पा रही है।

कालका-शिमला टॉय ट्रेन में सफर करना पर्यटकों के लिए खास आकर्षण रहता है। पहाड़ों, सुरंगों और प्राकृतिक नजारों के बीच से गुजरने वाली इस रेलगाड़ी का अनुभव लेने के लिए देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। इस रेल सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रेलवे को भी आमदनी होती है।

धर्मपुर के पास रेललाइन को नुकसान पहुंचने के बाद से ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित है। फिलहाल शिमला और धर्मपुर के बीच एक ट्रेन चल रही है। पांच ट्रेनों का संचालन बंद होने से यात्रियों को मनचाहे समय पर यात्रा का विकल्प नहीं मिल पा रहा है।

एचपीयू में राजिंदर वर्मा के पक्ष में हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के चांसलर की ओर से जारी उस कार्यालय आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत कुलपति की अनुपस्थिति में उनका कार्यभार प्रति-कुलपति प्रोफेसर राजिंदर वर्मा को देने के बजाय अन्य अधिकारियों को सौंपा गया था। अदालत ने निर्देश दिया है कि एक अक्टूबर, 2026 को जारी यह आदेश अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा। साथ ही प्रोफेसर राजिंदर वर्मा प्रति-कुलपति के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे।



कुलपति विदेश दौरे पर हैं। उनकी अनुपस्थिति में चांसलर ने एक अक्टूबर को आदेश जारी कर कुलपति की जिम्मेदारियां डीन ऑफ स्टडीज प्रोफेसर बीके शिवराम और रजिस्ट्रार ज्योति राणा को सौंप दी थीं। इस फैसले को चुनौती देते हुए प्रोफेसर राजिंदर वर्मा ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई न्यायाधीश संदीप शर्मा ने की।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में दलील दी गई कि चांसलर का आदेश हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1970 की धारा 12-बी के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। इस धारा के अनुसार, कुलपति की अस्थायी अनुपस्थिति में प्रति-कुलपति उनके कर्तव्यों और शक्तियों का निर्वहन करता है।

याचिका में यह भी कहा गया कि प्रोफेसर राजिंदर वर्मा का तीन वर्ष का सामान्य कार्यकाल समाप्त हो चुका है, लेकिन अधिनियम की धारा 12-डी(2) के तहत उत्तराधिकारी की नियुक्ति और उसके कार्यभार संभालने तक वह पद पर बने रह सकते हैं।

शिलान्यास मुकेश अग्निहोत्री ने न्यू हरोली में हेलीपोर्ट, सिंथेटिक ट्रैक और सैनिक भवन निर्माण की दी जानकारी

हरोली में पांच करोड़ से बनेगा आधुनिक वाहन जांच केंद्र

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, ऊना। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रोड़ा में पांच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) का शिलान्यास किया। इस स्टेशन का निर्माण नौ महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके शुरू होने से वाहनों की फिटनेस जांच और पासिंग की प्रक्रिया आधुनिक मशीनों के माध्यम से की जाएगी। साथ ही, वाहन चालकों को एक ही स्थान पर ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन में भारी वाहनों, हल्के वाहनों, तीनपहिया और दोपहिया वाहनों की फिटनेस जांच के लिए तीन टेस्टिंग लेन बनाई जाएंगी। इन लेन के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों के वाहनों की जांच की जा सकेगी। इससे वाहन फिटनेस परीक्षण की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और आधुनिक बनाने में मदद मिलेगी।

- **मुकेश अग्निहोत्री बोले न्यू हरोली में कई बड़ी परियोजनाओं से बढ़ेंगी आधुनिक सुविधाएं**

उन्होंने बताया कि इसी परिसर में ट्रैफिक पार्क पहले ही बनाया जा चुका है, जहां ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए अभ्यर्थियों के ड्राइविंग टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। एटीएस के निर्माण और संचालन के बाद यहां ड्राइविंग टेस्ट के साथ वाहनों की फिटनेस जांच तथा पासिंग की सुविधा भी मिल जाएगी। इससे लोगों को अलग-अलग स्थानों पर जाने की जरूरत कम होगी और परिवहन संबंधी कार्यों को एक ही परिसर में पूरा करना संभव हो सकेगा।



उप मुख्यमंत्री ने विकास परियोजना का किया लोकार्पण

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रामपुर पुल से हरोली जल भवन तक के क्षेत्र को न्यू हरोली के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है, जिनसे आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि यहां 22 करोड़ रुपये की लागत से हेलीपोर्ट और 10 करोड़ रुपये की लागत से सिंथेटिक ट्रैक बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, इसी क्षेत्र में 3.50 करोड़ रुपये की लागत से सैनिक भवन का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि न्यू हरोली में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की भी योजना बनाई गई है। इनमें जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, जिला न्यायालय, उद्योग कार्यालय, इनडोर स्टेडियम और मेला मैदान शामिल हैं। इन परियोजनाओं के विकसित होने से क्षेत्र में प्रशासनिक, खेल और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही, यह क्षेत्र आधुनिक आधारभूत ढांचे के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो सकेगा। ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के निर्माण में लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विभाग की ओर से भवन, टेस्टिंग लेन, निरीक्षण क्षेत्र, कार्यालय, प्रतीक्षालय, पार्किंग और अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

न्यूज ब्रीफ

पार्बती-III पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ने उपायुक्त कुल्लू से की शिष्टाचार भेंट



भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। पार्बती-III पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (प्रभारी) सुधीर कुमार ने डीसी कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा (आईएएस) से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने डीसी को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भेंट के दौरान पार्बती-III पावर स्टेशन की ओर से कुल्लू जिले में किए जा रहे कार्यों, विभिन्न गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन और पावर स्टेशन के बीच बेहतर समन्वय एवं सहयोग को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने डीसी को पावर स्टेशन की ओर से संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों में सहयोग बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं, उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने पार्बती-III पावर स्टेशन को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस शिष्टाचार भेंट का उद्देश्य जिला प्रशासन और पावर स्टेशन के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करना तथा जिले में विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाना रहा।

भजन 'हे पालनहार मां' का विमोचन, बुडाल म्यूजिक सीरीज के यूट्यूब चैनल पर रिलीज

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। नवरात्र के पावन अवसर पर मां भगवती की महिमा को समर्पित भजन 'हे पालनहार मां' का विमोचन देव धाम बाशिंग में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के अध्यक्ष दिनेश सेन ने किया। भजन को बुडाल म्यूजिक सीरीज के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस भजन को लोक गायक डीसी यादव ने अपनी मधुर आवाज दी है। इसकी संपूर्ण तैयारी और प्रस्तुति की व्यवस्था जीवन बुडाल ठाकुर ने की, जबकि संगीत संदीप ठाकुर और वीडियो एडिटिंग कमल ठाकुर ने की है। विमोचन समारोह में सूत्रधार कला संगम के उपाध्यक्ष कंवर वीरेंद्र सिंह, प्राचार्य पं. विद्या सागर, डॉ. सूरत ठाकुर, धर्मेंद्र शर्मा और विजय सेन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने भजन की सराहना करते हुए इसे हिमाचल की लोक संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने वाला प्रयास बताया।

चौगान मैदान में रामलीला का शुभारंभ



भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में कलश स्थापना, पूर्णाहुति, खंडा पूजन और भजन-कीर्तन के साथ रामलीला के मंचन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सभी कलाकारों ने डोडी स्थित धारावाले देव मंदिर में जाकर देवता का आशीर्वाद लिया। रात्रिकालीन कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई, जिसके बाद रामलीला का मंचन किया गया। प्रथम दिन विष्णु दरबार, वेदमती-रावण संवाद, दशरथ दरबार, राजा दशरथ का ऋषि श्रृंगी के पास जाना तथा संतान प्राप्ति के लिए यज्ञ करवाने के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विशिष्ट मुनि द्वारा तीनों रानियों के पुत्रों का नामकरण करने तक की लीला का मंचन हुआ। कलाकारों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर रामलीला क्लब अर्की के सभी सदस्य मौजूद रहे।

बरोट और चौहार घाटी में बारिश-बर्फबारी से बढ़ी ठंड, बिजली व मोबाइल सेवाएं प्रभावित

भारतेन्दु संवाददाता, बरोट। बरोट, छोटाभंगाल और चौहार घाटी में रविवार को मौसम खराब रहने के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ गया। दोपहर बाद निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश, जबकि दुर्गम गांवों में तेज बारिश हुई। वहीं, ऊंची पर्वत शृंखलाओं पर बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा। तापमान में गिरावट से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हुए। मुल्थान, लोहारड़ी, लंबाडग, बरोट, लक्कड़ बाजार, टिक्कन और थल्टूखोड़ के दुकानदार अंगीठी जलाकर ठंड से बचते नजर आए। बारिश के कारण बिजली और मोबाइल सिग्नल की समस्या से भी लोगों को परेशानी हुई। चौहार घाटी के लोगों को राहत देते हुए जोगिंद्रनगर से थल्टूखोड़ होकर बरोट जाने वाली सरकारी बस सेवा दोबारा शुरू कर दी गई है। यह बस पिछले छह-सात माह से बंद थी। धमच्यान पंचायत के प्रतिनिधियों ने इस समस्या को लेकर परिवहन निगम के अधिकारियों, मंडी व कांगड़ा के उपायुक्तों और द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से मांग उठाई थी। पंचायत प्रधान नरेश कुमार ने बस सेवा बहाल करने पर संबंधित अधिकारियों और विधायक का आभार जताया।

एनएसएस शिविर में सीता राम चौहान ने दिया बचत और नशामुक्ति का संदेश

भारतेन्दु संवाददाता, गोहर। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहर में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में कार्यरत समाजसेवी सीता राम चौहान ने विशेषातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग प्रणाली, बचत के महत्व और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। शिविर में पहुंचने पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने उन्हें कैप पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में चौहान ने विद्यार्थियों को नियमित बचत की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अनुशासन और मेहनत के साथ लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर के आयोजन में आर्थिक सहयोग भी दिया। कार्यक्रम में काकू राम, दीपक कुमार, अजय कुमार सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। अंत में एनएसएस प्रभारी ने उनका आभार जताया।

हिमाचल का विकास रोक रही सुक्खू सरकार : नड्डा

कहा- केंद्र से मिले हजारों करोड़ रुपए भी खर्च नहीं कर पाई कांग्रेस सरकार

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कुल्लू जिले के पतलीकूहल स्थित मेला मैदान में आयोजित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली पर तीखा हमला बोला।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश विकास के बजाय कुशासन, कुप्रबंधन, कुनीति और कुव्यवस्था का सामना कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा विकास और जनकल्याण के लिए उपलब्ध करवाई गई बड़ी धनराशि का भी प्रदेश सरकार समय पर उपयोग नहीं कर पा रही है। नड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बार-बार केंद्र सरकार पर हिमाचल प्रदेश की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने प्रदेश को सड़क, रेल, स्वास्थ्य, ऊर्जा, उद्योग और जनकल्याण के क्षेत्र में व्यापक सहायता उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को केंद्र पर आरोप लगाने के बजाय यह बताना चाहिए कि उपलब्ध करवाई गई धनराशि का समयबद्ध उपयोग क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी समस्या प्रशासनिक कुप्रबंधन है। सरकार ने सत्ता में आते ही अनेक शिक्षण संस्थानों और स्वास्थ्य संस्थानों को बंद करने के निर्णय लिए तथा पूर्व सरकार के समय प्रारंभ किए गए विकास कार्यों को प्रभावित किया।

स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता संगठन की मजबूती का प्रमाण

नड्डा ने हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों की सफलता पर कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के परिणाम भाजपा के संगठनात्मक आधार और जनता के समर्थन को दर्शाते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि धर्मशाला नगर निगम में 17 में से 11, मंडी में 14 में से 12 तथा कुल 63 वार्डों में से 37 पर भाजपा की जीत हुई है। उन्होंने जिला परिषद चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि 251 में से 190 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों की जीत का दावा संगठन के लिए उत्साहजनक है। नड्डा ने कुल्लू, लाहौल-स्पीति और अन्य क्षेत्रों में भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों को मिली सफलता का उल्लेख किया। उन्होंने मनाली क्षेत्र में चारों सीटों पर जीत का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन परिणामों को संगठन के लिए जनता से निरंतर जुड़े रहने और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए।

स्वास्थ्य परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर किए सवाल

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत हिमाचल को स्वीकृत लगभग 360 करोड़ रुपये का उल्लेख करते हुए दावा किया कि 15 क्रिटिकल केयर ब्लॉक में से केवल एक का निर्माण पूरा हुआ है। इसी तरह 12 इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में से एक के पूरा होने और 73 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट में से किसी के भी संचालित न होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि योजना की अवधि वर्ष 2027 तक बढ़ाई गई है, इसलिए निर्धारित समय में कार्य पूरे करना जरूरी है।

जनता ने सुक्खू सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बनाया : जयराम ठाकुर

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि प्रदेश की जनता ने सुक्खू सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को भरोसा दिलाया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी।

रविवार को कुल्लू जिले के पतलीकूहल में आयोजित नड्डा की जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। जयराम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले चार वर्षों के दौरान विकास की गति प्रभावित हुई है। प्रदेश की स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि हिमाचल चार साल में चार दशक पीछे चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों को अपेक्षित गति नहीं मिल पाई और जनता को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रह गई कमियों को दूर किया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति देकर जनता की उम्मीदों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान भी किया। नेता प्रतिपक्ष ने पंचायत और शहरी निकाय चुनावों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि इन चुनावों में भी भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद चुनावों में 12 में से 11 और नगर निगम चुनावों में चार में से तीन स्थानों पर भाजपा की जीत पार्टी के पक्ष में बने माहौल को दर्शाती है।



◆चार साल में चार दशक पीछे चला गया हिमाचल, भाजपा सरकार अधूरे विकास कार्यों को करेगी पूरा

विधायक काजल ने जेसीबी से खुलवाई डडू कूहल, किसानों को मिली राहत

भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। लंबे समय से बंद पड़ी डडू कूहल की मरम्मत करवाकर विधायक पवन काजल ने जमानाबाद, नंदेहड़ और कोटकवाला के किसानों को राहत दिलाई। सिंचाई सुविधा बहाल होने पर स्थानीय लोगों ने विधायक से मिलकर उनका आभार जताया। पवन काजल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने पर विधानसभा क्षेत्र की सिंचाई कूहलों का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए भी योजनाएं लाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि हार जलाड़ी को नंदरुल खर्ट से जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल के दूसरे स्लैब का काम मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है। निर्माण एजेंसी ने भी निर्धारित समय में कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर पूर्व प्रधान कुलदीप, उपप्रधान वीर सिंह, कूहल प्रधान ओमप्रकाश, मस्त राम, बलदेव, किशोरी लाल और स्वरूप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीसी हेमराज व एसडीएम डॉ. अंजलि ने मां ब्रजेश्वरी के किए दर्शन

भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा और एसडीएम कांगड़ा डॉ. अंजलि गर्ग ने माता श्री ब्रजेश्वरी देवी मंदिर में शीश नवाया और मां का आशीर्वाद लिया। दोनों अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। क्षेत्र में खराब मौसम के कारण लोगों को घरों से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद अधिकारियों के मंदिर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने प्रसन्नता जताई। स्थानीय निवासी सुभाष चंद, गोपी राम, नीरजा देवी, सपना, विभूषण, तृप्त देवी, करतार चंद, अंकित कुमार, रुचि, कृष, कृतिका, रश्मि देवी और पप्पू कुमार सहित अन्य लोगों ने कहा कि नवरात्र के पावन अवसर पर मां के दर्शन करना श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है।

हिंदी शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने पर किया मंथन

भारतेन्दु संवाददाता, नगरोटा बगवां। महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।



आज बच्चों और युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में प्रत्येक वर्ष हजारों विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं। वर्ष 2024 में भारत में छात्रों की आत्महत्या के मामले बढ़कर 14,488 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए, जो लगातार बढ़ती गंभीर स्थिति को दर्शाता है। देशभर में होने वाली कुल आत्महत्याओं में से लगभग 8.1त्न मामले छात्रों के हैं; इस संकट का मुख्य कारण पढ़ाई का दबाव, जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाएं और परिवार की उम्मीदें हैं। औसतन प्रतिदिन लगभग 35 विद्यार्थी अपनी जीवन-लीला समाप्त कर रहे हैं । निश्चित रूप से यह हमारे परिवारों, शिक्षण संस्थानों और समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या विश्व स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। दूसरी ओर, यूनिसेफ की विभिन्न रिपोर्टें बताती हैं कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि अधिकांश बच्चों को समय पर मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध नहीं हो पाती। ऐसे में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है कि आखिर इस स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है-शिक्षण संस्थान, परिवार, समाज या स्वयं बच्चे? वस्तुत: इसका उत्तर किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी में निहित है। बच्चे की शिक्षा विद्यालय से पहले उसके घर से प्रारंभ होती है। परिवार उसकी पहली पाठशाला है और माता-पिता उसके प्रथम शिक्षक। बच्चा परिवार में रहकर बोलना, चलना, व्यवहार करना, अनुशासन, प्रेम, सम्मान और जीवन-मूल्यों को सीखता है।

यदि परिवार में संवाद, स्नेह और सकारात्मक वातावरण हो तो उसका प्रभाव बच्चे के व्यक्तित्व पर स्पष्ट दिखाई देता है। इसके विपरीत तनावपूर्ण, उपेक्षापूर्ण या अत्यधिक अपेक्षाओं से भरा पारिवारिक



नीलम कुमारी

वातावरण उसके मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है। प्रत्येक बच्चे की पहली पाठशाला उसका परिवार ही होता है।

आधुनिक मनोविज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि जिन बच्चों को बचपन में भावनात्मक सुरक्षा, विश्वास और बिना शर्त स्वीकार्यता मिलती है, वे जीवन की चुनौतियों का सामना अधिक संतुलित ढंग से करते हैं, लेकिन बदलती जीवनशैली, व्यस्तता और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने परिवारों के भीतर संवाद को कम कर दिया है।

अनेक घरों में बच्चों से यह पूछा जाता है कि 'आज कितने अंक आए?' लेकिन यह कम पूछा जाता है कि 'आज तुम कैसा महसूस कर रहे हो?' यह परिवर्तन केवल भाषा का नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकताओं का संकेत है।


बच्चों की तुलना भाई-बहनों, रिश्तेदारों या पड़ोस के बच्चों से करना, उनकी हर उपलब्धि को अंकों से जोड़ना तथा असफलता को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बना देना उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार लगातार तुलना और अत्यधिक अपेक्षाएं बच्चों में आत्म-संदेह, चिंता, अवसाद तथा आत्मसम्मान में कमी का कारण बन सकती हैं। परिवारों को यह स्वीकार करना होगा कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और उसकी प्रतिभा किसी एक परीक्षा या अंकपत्र से निर्धारित नहीं होती।

विद्यालय और महाविद्यालय केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले संस्थान नहीं हैं, बल्कि ऐसे सामाजिक संस्थान हैं जहां बच्चों का व्यक्तित्व आकार लेता है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

मंदिरों में पारदर्शिता ही भक्तों के विश्वास की असली नींव

धर्म नहीं, यह धंधा है या आस्था का सौदा?



एआई निर्मित चित्र।

हमारे देश की वर्तमान सरकार स्वयं को धर्म के अभिरक्षक के रूप में प्रचारित करती है। परंतु इसे संयोग कहें या प्रयोग कि इसी दौर में ऐसे अनेक मामले सामने आ रहे हैं, जिन्हें सुनकर देश के भोले-भाले आस्थावान लोग स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं चढ़ावे, चंदे और दान की चोरी के आरोप लग रहे हैं तो कहीं देसी घी के नाम पर मिलावटी प्रसाद भक्तों को दिए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। भगवान के दरबार में वीआईपी संस्कृति का विरोध आम भक्तजन दशकों से करते आए हैं। दान और चढ़ावे का पैसा मंदिरों के रखरखाव, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, लंगर और धार्मिक व्यवस्थाओं पर खर्च होना चाहिए, मगर जब यही धन व्यवस्था से जुड़े लोगों की कथित बंदरबांट का माध्यम बन जाए तो सवाल उठना स्वाभाविक है।

अयोध्या के राम मंदिर में दान की राशि से जुड़ी कथित अनियमितताओं का मामला इसका ताजा उदाहरण है। सितंबर 2026 में सुप्रीम कोर्ट को दी गई जानकारी के अनुसार एसआईटी ने मंदिर के काउंटिंग रूम से नकदी की कथित अनधिकृत निकासी या छिपाने की 105 घटनाओं की पहचान की है। जांच में सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और दान से जुड़े रिकॉर्ड की पड़ताल की गई है। मामले में आठ आरोपियों की पहचान की गई है और जांच आगे बढ़ रही है।

देश के अन्य प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों से भी समय-समय पर दान, चढ़ावे और वित्तीय प्रबंधन को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं। तिरुपति मंदिर में विशेष दर्शन और टिकटों की कथित कालाबाजारी के मामले सामने आ चुके हैं। जहां करोड़ों श्रद्धालु अपनी श्रद्धा से दान करते हैं, वहां व्यवस्था में पारदर्शिता और निगरानी का होना बेहद जरूरी है। यदि नकदी की गिनती और टिकट व्यवस्था में मानवीय हस्तक्षेप अधिक हो तथा निगरानी कमजोर हो तो भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ जाती है। तिरुपति के लड्डू प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी को लेकर सामने आया मामला तो आस्था के साथ खाद्य सुरक्षा का भी गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। हालिया ईडी जांच के अनुसार 2019 से 2024 के बीच टीटीडी को कथित रूप से करीब 230 करोड़ रुपये मूल्य का मिलावटी घी सप्लाई किया गया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि इसमें रिफाइंड पाम ऑयल, पाम कर्नेल ऑयल, पामोलीन और विभिन्न रसायनों का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में सितंबर 2026 में एक कंपनी के प्रमोटर को गिरफ्तार किया गया है और जांच जारी है।

धर्मस्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं होते, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास से जुड़े होते हैं। इसलिए वहां होने वाली आर्थिक गतिविधियों में सामान्य संस्थानों से भी अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। मंदिरों में दान पेटियों की गिनती की प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में हो, नकदी का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित ऑडिट कराया जाए और कर्मचारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट तय होनी चाहिए। जहां संभव हो, नकद दान के स्थान पर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने से भी पारदर्शिता बढ़ाई जा सकती है।


सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी मंदिर या धार्मिक संस्था की व्यवस्था कुछ चुनिंदा लोगों की निजी जागीर नहीं बननी चाहिए। श्रद्धालुओं द्वारा दिया गया धन सार्वजनिक विश्वास की संपत्ति है। उसका इस्तेमाल मंदिर, धर्मशाला, अस्पताल, शिक्षा, भोजन व्यवस्था और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यों में होना चाहिए।



निर्मल रानी

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

धरती पर कचरा, आसमान में धुआं और सांसों पर संकट




एआई निर्मित चित्र।

हिमाचल प्रदेश की दुकानों में प्लास्टिक लिफाफों का इस्तेमाल करने वालों की अब खैर नहीं है। सुक्खू सरकार प्लास्टिक लिफाफों का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर भारी-भरकम जुर्माना करने का निर्णय ले चुकी है। राज्य सरकार की यह पहल देवभूमि में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। प्लास्टिक बोतल, चाय कप, प्लेट, गिलास, जूस, कोल्ड ड्रिंक और चम्मच अक्सर इधर-उधर बिखरे पड़े मिलते हैं। बढ़ता वायु प्रदूषण दिनोंदिन मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। आसमान में उड़ते कचरा युक्त धूल के कणों से इंसान स्वच्छ वायु भी बराबर नहीं ले पा रहा है। दूषित वायु प्रदूषण की वजह से आजकल लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। मौसम की एलर्जी, चमड़ी रोग, खांसी, दमा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से लोग आहत हैं।

वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए सरकारों को गंभीरता से काम करने की जरूरत है, नहीं तो इसका खामियाजा आम जनमानस को भविष्य में भुगतना पड़ सकता है। वाहनों की तादाद हर रोज बढ़ती ही जा रही है। वाहनों की सर्विस समय पर न होने की वजह से वे अक्सर कचरा युक्त धुआं छोड़ते जा रहे हैं। पुलिस के जुर्माने से बचने के लिए प्रदूषण जांच की व्यवस्था में भी किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लोगों को अपने वाहनों की समय पर जांच करवानी चाहिए और प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन करना चाहिए।

लोग घरों, गली, मोहल्ले और सड़कों का कचरा उठाकर नाले और खड्डों में फेंक रहे हैं। तूफान आने पर यही कचरा आकाश में उड़कर पर्यावरण को दूषित करता जा रहा है। सर्दियों में खासकर लोग कूड़े-कचरे के ढेरों को आग लगाकर शरीर को तपिश देने की कोशिश करते हैं। ऐसे कचरे के ढेरों से उठने वाला धुआं भी वातावरण को विषैला बनाने का काम करता है। डीजल जनरेटर का धुआं और विभिन्न मशीनों से निकलने वाला उत्सर्जन भी पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है।

फसलों, सब्जियों और फलों पर किए जा रहे जहरीली दवाओं और कीटनाशक स्प्रे से भी वातावरण पर विपरीत असर पड़ता है। धान का पराली जलाने से भी वातावरण प्रदूषित हो रहा है, मगर जागरूकता के अभाव में यह सिलसिला सालों से चलता आ रहा है। जलती हुई धान की पराली से आसमान में उड़ने वाले धुएं से वायु प्रदूषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



सुखदेव सिंह, नूरपूर

नतीजन बच्चों, बूढ़ों और हर उम्र के लोगों को इस समस्या का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। सर्दियों के मौसम में धुंध अपना डेरा जमाए रहती है, वहीं जलती हुई कृषि सामग्री और फैक्ट्रियों के धुएं से आम जनमानस का जीवन अस्त-व्यस्त होकर रह जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

संपादकीय

ठहरें नहीं, बढ़ते रहें

जीवन में सफलता हासिल करने के लिए प्रतिभा, मेहनत और अवसर का अपना महत्व है, लेकिन इन सबके बीच एक गुण ऐसा है, जो किसी भी व्यक्ति को उसकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह गुण है निरंतरता। किसी काम को एक दिन पूरे उत्साह से करना आसान है, लेकिन उसी काम को लंबे समय तक धैर्य, अनुशासन और समर्पण के साथ करते रहना वास्तविक चुनौती है। यही निरंतरता साधारण प्रयासों को असाधारण परिणामों में बदल देती है। अक्सर लोग सफलता की कहानियों से प्रेरित होकर कोई नया काम शुरू करते हैं। शुरुआती दिनों में उनका उत्साह चरम पर होता है। वे बड़े लक्ष्य निर्धारित करते हैं, कठिन दिनचर्या अपनाते हैं और तेजी से परिणाम पाने की उम्मीद करते हैं। मगर कुछ समय बाद जब अपेक्षित नतीजे नहीं मिलते, तो उनका उत्साह कम होने लगता है। धीरे-धीरे वे अपने प्रयास छोड़ देते हैं। इसके विपरीत, जो लोग परिणाम मिलने में देरी के बावजूद अपने प्रयास जारी रखते हैं, वे समय के साथ बेहतर स्थिति में पहुंच जाते हैं। इसका कारण यह है कि सफलता अक्सर किसी एक बड़े कदम का परिणाम नहीं, बल्कि छोटे-छोटे कदमों से तय की गई लंबी यात्रा होती है।

निरंतरता का अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति हर दिन एक जैसी ऊर्जा और उत्साह महसूस करे। इसका वास्तविक अर्थ है कि मन न होने, थकान होने या परिस्थितियां अनुकूल न होने पर भी अपनी क्षमता के अनुसार प्रयास जारी रखे। उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी प्रतिदिन दो घंटे एकाग्र होकर पढ़ाई करता है, तो कुछ महीनों में उसका ज्ञान और आत्मविश्वास बढ़ सकता है। इसके विपरीत, परीक्षा से कुछ दिन पहले लगातार कई घंटे पढ़ने वाला विद्यार्थी जरूरी जानकारी तो जुटा सकता है, लेकिन उसे समझने और लंबे समय तक याद रखने में कठिनाई हो सकती है। यही सिद्धांत स्वास्थ्य, व्यवसाय, खेल, लेखन और व्यक्तिगत विकास जैसे प्रत्येक क्षेत्र में लागू होता है। नियमित व्यायाम शरीर को मजबूत बनाता है, प्रतिदिन पढ़ने की आदत ज्ञान बढ़ाती है और लगातार अभ्यास किसी कौशल को निखारता है। इन सभी प्रक्रियाओं में परिणाम धीरे-धीरे दिखाई देते हैं, लेकिन उनका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है।

निरंतरता विकसित करने के लिए शुरुआत में बहुत बड़े लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी नहीं है। बल्कि छोटे और व्यावहारिक लक्ष्य अधिक प्रभावी साबित हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति नियमित रूप से पुस्तक पढ़ना चाहता है, तो वह शुरुआत में प्रतिदिन दस पृष्ठ पढ़ने का लक्ष्य रख सकता है। यदि उसे व्यायाम करना है, तो वह रोजाना पंद्रह मिनट से शुरुआत कर सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि वह अपनी दिनचर्या को इतना कठिन न बनाए कि कुछ ही दिनों में उसे छोड़ने का मन करने लगे। छोटे प्रयासों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे धीरे-धीरे आदत बन जाते हैं। जब कोई काम दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है, तो उसे करने के लिए बार-बार प्रेरणा जुटाने की आवश्यकता नहीं रहती। व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर नियमित रूप से बढ़ता रहता है। समय के साथ यही छोटे प्रयास बड़े बदलाव का आधार बनते हैं।

निरंतरता की असली परीक्षा तब होती है, जब मेहनत के बावजूद सफलता नहीं मिलती। कई बार परिणाम उम्मीद के विपरीत आते हैं, योजनाएं असफल हो जाती हैं और परिस्थितियां व्यक्ति के पक्ष में नहीं रहतीं। ऐसे समय में निराश होकर प्रयास छोड़ देना आसान होता है। लेकिन असफलता को अंतिम निर्णय मानने के बजाय उससे सीखने का अवसर समझना चाहिए। हालांकि, निरंतरता का अर्थ एक ही गलती को बार-बार दोहराना भी नहीं है। यदि किसी तरीके से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं, तो अपनी रणनीति की समीक्षा करना जरूरी है। लक्ष्य स्पष्ट रखते हुए काम करने का तरीका बदला जा सकता है। इस प्रकार निरंतरता के साथ सुधार की भावना जुड़ जाए, तो सफलता की संभावनाएं और बढ़ जाती हैं।

आज के समय में सामाजिक माध्यमों पर दूसरों की उपलब्धियां देखकर स्वयं को कमतर आंकना आसान हो गया है। कोई व्यक्ति कम उम्र में बड़ी सफलता हासिल करता दिखाई देता है, तो कोई अपनी उपलब्धियों से लोगों का ध्यान आकर्षित करता है। ऐसी तुलना कई बार निराशा और अधीरता पैदा करती है। व्यक्ति अपनी यात्रा पर ध्यान देने के बजाय दूसरों की गति से आगे निकलने की कोशिश करने लगता है। यह समझना जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति की परिस्थितियां, क्षमताएं और अवसर अलग-अलग होते हैं। इसलिए वास्तविक प्रगति का आकलन इस आधार पर करना चाहिए कि हम कल की तुलना में आज कितने बेहतर हुए हैं। यदि प्रतिदिन थोड़ा सीख रहे हैं, अपनी गलतियों में सुधार कर रहे हैं और लक्ष्य के प्रति ईमानदार हैं, तो यह भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

जब व्यक्ति नियमित रूप से अपने छोटे-छोटे लक्ष्य पूरे करता है, तो उसका स्वयं पर भरोसा बढ़ता है। उसे यह विश्वास होने लगता है कि वह कठिन कामों को भी धैर्य के साथ पूरा कर सकता है। यही आत्मविश्वास आगे चलकर बड़े निर्णय लेने और चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है। इसके विपरीत, बार-बार लक्ष्य बनाकर उन्हें अधूरा छोड़ने से व्यक्ति का अपने ऊपर विश्वास कमजोर हो सकता है।

-शिवांश धाकड़

आज की प्रमुख हस्ती

अभिनय से बनाई खास पहचान

स्नेहा दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में मुख्य तथा सहायक भूमिकाओं के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका वास्तविक नाम सुहासिनी राजाराम नायडू है। उनका जन्म 12 अक्टूबर 1981 को मुंबई में एक तेलुगु परिवार में हुआ था। उनके दादा-दादी आंध्र प्रदेश से मुंबई आकर बसे थे। बाद में उनका परिवार संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह चला गया, जहां स्नेहा का बचपन बीता।



स्नेहा
जन्म : 12 अक्टूबर 1981

स्नेहा की अभिनय यात्रा उस समय शुरू हुई, जब वह बारहवीं कक्षा में पढ़ रही थीं। शारजाह में एक क्रिकेट मैच के दौरान मलयालम फिल्म निर्माता की नजर उन पर पड़ी और यहीं से उनके फिल्मी सफर की राह खुली। वर्ष 2000 में उन्होंने मलयालम फिल्म 'इंगने ओरु निलापक्षी' से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद वह तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी नजर आने लगीं। माधवन के साथ 'एन्नावले' उनकी शुरुआती तमिल फिल्मों में शामिल रही। वर्ष 2001 में उन्होंने तेलुगु सिनेमा में कदम रखा और 'आनंदम' तथा 'हनुमान जंक्शन' जैसी फिल्मों से पहचान हासिल की।

वर्ष 2002 स्नेहा के करियर के लिए महत्वपूर्ण रहा। फिल्म 'उन्नै निनैथु' में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों ने सराहा। इस भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। इसी वर्ष प्रदर्शित 'विरुम्बुकिरेन' में उनके अभिनय को भी खूब प्रशंसा मिली और उन्हें तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान प्राप्त हुआ।

इसके बाद स्नेहा ने 'वसीगरा', 'पार्थिबन कनवु', 'वसूल राजा एमबीबीएस' और 'ऑटोग्राफ' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने तेलुगु और मलयालम फिल्मों के साथ कन्नड़ सिनेमा में भी कदम रखा। वर्ष 2009 में आई उनकी फिल्म 'अच्चमुंडु! अच्चमुंडु!' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। आगे चलकर उन्होंने 'गोवा', 'शिक्कर', 'भवानी' और 'राजन्ना' जैसी फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं।



कविता

माँ को कुर्सी दे दो...!

संजय एम तराणेकर

माँ को कुर्सी दे दो,
इतना तो 'सम्मान' रहे,
उम्र की ढलती शाम,
चेहरे पर मुस्कान रहे।
राजनीति अपने स्थान,
मतभेदों में बात रहे,
माँ के सम्मान से ऊपर कैसी
'सौगात' रहे?
मंच पे सवाल उठें,
सरकारों से जवाब माँगे,
किसी बुजुर्ग माँ पर
हँसी के तीर नहीं भागें।
कहें वह मिमिक्री,
हँसी-मजाक का मंच था,
सवाल ये रहता असम्मान का वह क्षण था?
कुर्सी कोई सत्ता नहीं,
न कोई सिंहासन माँगे,
हाँ, थकी हुई उम्र के आगे
थोड़ा आसन माँगे।
नेता आएँ, नेता जाएँ,
राजनीति के रंग बदलें,
माँ के आँचल की गरिमा
पे शब्द कैसे मचलें?
क्योंकि संसद की ऊँची बातें बाद में कह दो,
माँ की झुकी उम्र पर ध्यान देकर मान दे दो।

'भारतेन्दु शिखर'

प्रकाशक, मुद्रक, संपादक एवं स्वामी शिवांश धाकड़ द्वारा शर्मा भवन, न्यू रणजीत नगर, एप्पल फ्रूट मंडी, नजदीक ढली टनल, शिमला (हि.प्र.) 171006 से प्रकाशित एवं बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद शिमला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/2000/02437

ई-मेल : bhartendunewsmedia@gmail.com, फोन नंबर : 88946-77702

गंभीर बीमार पेंशनरों के मेडिकल बिल सप्ताहभर में चुकाए सरकार

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पेंशन संघ ने हिमाचल प्रदेश सरकार से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पेंशनरों के मेडिकल बिलों का भुगतान एक सप्ताह के भीतर करने की मांग उठाई है। संघ के अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज पर बुजुर्ग पेंशनरों को काफी अधिक खर्च करना पड़ता है। ऐसे में मेडिकल बिलों का समय पर भुगतान होने से उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी और इलाज जारी रखने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सरकार से सात दिनों के भीतर मेडिकल बिलों के भुगतान के निर्देश जारी करने की अपील की। साथ ही शिमला स्थित महालेखाकार कार्यालय में लंबित पेंशन संशोधन मामलों का शीघ्र निपटारा करने की मांग की, ताकि पात्र पेंशनरों को उनके वित्तीय लाभ समय पर मिल सकें। शर्मा ने बताया कि जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए कई पेंशनरों ने अभी तक संशोधन संबंधी दस्तावेज महालेखाकार कार्यालय नहीं भेजे हैं। उन्होंने ऐसे पेंशनरों से आग्रह किया कि वे अपने आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) के माध्यम से दस्तावेज जल्द भेजें, ताकि पेंशन संशोधन और बकाया लाभ की प्रक्रिया पूरी हो सके।

जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा और एसडीएम कांगड़ा डॉ अंजली गर्ग ने किए माँ के दर्शन

नवरात्र के पहले दिन मां ब्रजेश्वरी के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

आशीष दमीर, भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। शारदीय नवरात्र के पहले दिन शक्तिपीठ मां श्री ब्रजेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे भक्तों ने मां के दरबार में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर और जिला प्रशासन ने दर्शन, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हैं।





बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा: वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए मंदिर के मुख्य द्वार पर अलग व्यवस्था की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं को 200 रुपये की पर्ची के माध्यम से शीघ्र दर्शन करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों को लंबी कतारों में लगने से राहत देना है।

बाणगंगा से मंदिर तक चलेंगी विशेष बसें: श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान बनाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की विशेष बसें बाणगंगा से मंदिर मार्ग तक चलाई जा रही हैं। इससे पैदल चलने में असमर्थ श्रद्धालुओं को राहत मिलने के साथ यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

सुरक्षा और पार्किंग के पुख्ता इंतजाम: मंदिर परिसर में तैनात कर्मचारियों को पहचान पत्र के साथ ड्यूटी देने के निर्देश दिए गए हैं। शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विशेष पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं, भीड़ नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। प्रशासन का प्रयास है कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से मां के दर्शन करवाए जा सकें। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। नवरात्र के दौरान मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों की आवाजाही बनी रहने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कर्मचारियों को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करें और बुजुर्गों तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें, ताकि सभी भक्त शांतिपूर्वक मां के दर्शन कर सकें।

सुरक्षित राष्ट्र, सशक्त समाज और विकसित भारत के संकल्प के साथ संपन्न हुआ शिक्षा महाकुंभ 6.0





सुरेंद्र कटोच, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षा महाकुंभ 6.0 'सुरक्षित भारत-विकसित भारत' के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बेटन हस्तांतरण के साथ शिक्षा महाकुंभ 7.0 का आयोजन आईआईटी जम्मू में करने की घोषणा की गई। समापन सत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता, भारतीय ज्ञान परंपरा, मीडिया साक्षरता, कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग और सीमावर्ती क्षेत्रों की चुनौतियों पर चर्चा हुई। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के तीन प्रमुख आधार शिक्षा, सुरक्षा और समृद्धि हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने और आतंकवाद के खिलाफ कड़े रुख पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार ने राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे इंसान और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. केजी सुरेश ने भ्रामक सूचनाओं से बचने के लिए मीडिया साक्षरता और तथ्यों की जांच को महत्वपूर्ण बताया। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने हिमालयी क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय की जरूरत बताई। आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने कृषि में एआई और डिजिटल तकनीक के उपयोग पर प्रकाश डाला।

त्रिपुरा सरकार की सचिव सोनल गोयल ने भारतबांग्लादेश सीमा की सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की, जबकि भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के रजिस्ट्रार अमिताभ रंजन ने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में सरकारी योजनाओं की भूमिका बताई। समारोह में डीएचई द्वारा तैयार 'तेजस ओलंपियाड' का लोकार्पण भी किया गया। आयोजन में शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार तथा राष्ट्र निर्माण में सामाजिक सहभागिता के महत्व पर विचार साझा किए।

न्यूज ब्रीफ

चुनाव आयोग पर आरोप लगाने से पहले प्रमाण पेश करे विपक्ष: विपिन परमार

भारतेन्दु संवाददाता, पालमपुर। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने विपक्षी दलों से एसआईआर को लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि 124 पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों ने खुले पत्र के माध्यम से चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का समर्थन किया है। परमार ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूचियों को सटीक और विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने विपक्ष से आरोप लगाने के बजाय प्रमाण प्रस्तुत करने तथा संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत शिकायतें उठाने का आग्रह किया।

बरठी स्कूल में तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 सांस्कृतिक उत्सव संपन्न



अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बरठी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठी में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय अंडर-19 सांस्कृतिक प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई। समापन समारोह में पंचायत प्रधान उमा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिभा निखारने और आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यालय को 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी। प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के 25 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रा वर्ग में बंदला स्कूल ने इंस्ट्रूमेंटल, संस्कृत गीतिका, क्लासिकल सॉन्ग और सुभाषितानी में प्रथम स्थान हासिल किया।

बिलासपुर का एम्स और चंडीगढ़ मनाली फोरलेन केंद्र सरकार की देन: गोविंद सिंह ठाकुर

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का पतलीकूहल पहुंचने पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। जनसभा में गोविंद ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा के प्रयासों से हिमाचल को एम्स बिलासपुर, तीन मेडिकल कॉलेज और चंडीगढ़-मनाली फोरलेन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं मिली हैं। उन्होंने कहा कि एम्स से प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता घटेगी। अटल टनल और अन्य सुरंगों से सामरिक सुरक्षा, पर्यटन तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन को भी मजबूती मिली है।

दुर्गापुर में नि:शुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित, 1145 लोगों ने उठाया लाभ



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। सरकाघाट, 11 अक्टूबर। स्वर्गीय ठेकेदार रणझा राम राव वेलफेयर सोसाइटी की ओर से दुर्गापुर में नि:शुल्क बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1145 लोगों की ओपीडी दर्ज की गई। विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में मेडिसिन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, सर्जरी और हड्डी रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं प्रदान कीं। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां और जांच सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चश्मे देने और आवश्यक ऑपरेशन करवाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

आईजीएमसी शिमला से डॉ. राहुल राव ने बताया कि यह संस्था का 16वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर है। संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। शिविर के दौरान चार जरूरतमंद व्यक्तियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई, जबकि दो व्यक्तियों को कृत्रिम बाजू लगवाने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई।

संस्था के चेयरमैन रंगीला राम राव ने लोगों से भविष्य में भी ऐसे शिविरों का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले चिकित्सकों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का आभार जताया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों के प्रधान एवं उपप्रधान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य यदविंदर शर्मा और संस्था के सदस्य मौजूद रहे। संस्था ने भविष्य में भी जनसेवा के लिए ऐसे शिविर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

चिट्टे के खात्मे के लिए जनभागीदारी जरूरी : केवल सिंह पठानिया

चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा



स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में चिट्टामुक्त हिमाचल अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान चिट्टे के दुष्प्रभावों, रोकथाम और नशे के खिलाफ सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेशभर में चिट्टे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की संपत्तियां जब्त करने जैसी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे से जुड़े मामलों में संलिप्त पाए गए पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। प्रदेश सरकार ने चिट्टे से संबंधित सूचना देने वालों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा भी की है। उन्होंने कहा कि चिट्टे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। प्रत्येक नागरिक, अभिभावक, शिक्षक और सामाजिक संगठन को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने और युवाओं को इस बुराई से दूर रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को चिट्टामुक्त हिमाचल बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पिछली कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने बचपन के सहपाठी प्रोफेसर अखिलेश शर्मा को भी सम्मानित किया। बीएमओ शाहपुर डॉ. कविता ठाकुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने चिट्टे को खतरनाक नशा बताते हुए इसके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

- **उन्होंने** अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनसे नियमित संवाद बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता और समय पर सहयोग से युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में बजरंग बली हॉकी क्लब लदवाड़ा के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

बारिश और ठंड में भी जारी रही आईएमए की रविवार ओपीडी, 25 मरीजों ने लिया परामर्श

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला



भारी बारिश और ठंड के बावजूद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), धर्मशाला की रविवार ओपीडी जारी रही। इस दौरान करीब 25 मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। ओपीडी में बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य के साथ सर्जरी और हड्डियों से संबंधित समस्याओं के लिए भी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं।

आईएमए धर्मशाला के अध्यक्ष एवं बाल हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल गुप्ता, सर्जन डॉ. अंकित शुक्ला और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित वर्मा ने मरीजों को उचित परामर्श दिया। डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि आईएमए धर्मशाला बच्चों और किशोरों के लिए बोलने और सुनने की जांच तथा मनोवैज्ञानिक आकलन की सुविधाएं शुरू करने की योजना बना रहा है। इससे बोलने में देरी, सीखने में कठिनाई, विकास संबंधी समस्याओं और व्यवहार में बदलाव की समय रहते पहचान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में ऐसी समस्याएं दिखाई देने पर उन्हें नजरअंदाज न करें और समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लें।

2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका अहम : अनुराग ठाकुर

भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शिक्षा महाकुंभ 2026 के छठे संस्करण के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सुरक्षित भारत-विकसित भारत थीम पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. इंद्रेश कुमार और त्रिपुरा सरकार की आईएएस अधिकारी सोनल गोयल भी उपस्थित रहीं। अनुराग ठाकुर ने आयोजन के लिए विद्या भारती और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और समृद्धि विकसित राष्ट्र के आधार हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा महाकुंभ का अगला संस्करण आईआईटी जम्मू में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। देश अब स्वदेशी रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए युवाओं को आधुनिक तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में आगे आना होगा। दिल्ली में चल रहे आंदोलन पर उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन और प्रशासन को आवश्यक जानकारी देना जरूरी है। मतदाता सूची पुनरीक्षण और ईवीएम पर कांग्रेस के रुख को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में हार के बाद ईवीएम पर सवाल उठाना विपक्ष का दोहरा मापदंड है।

अनुराग ठाकुर ने मेजर विजय सिंह मनकोटिया के निधन पर जताया गहरा शोक

- **मेजर मनकोटिया के परिवार को सांत्वना देने तियारा पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर**



भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने मेजर विजय सिंह मनकोटिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। बुधवार को वह तियारा स्थित उनके निवास पर पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेजर विजय सिंह मनकोटिया का निधन हिमाचल प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। सैन्य सेवा से लेकर सामाजिक और राजनीतिक जीवन तक उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, पूर्व विधायक संजय चौधरी, पूर्व भाजपा प्रत्याशी संजय गुलेरिया, भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा और मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा वरिंदर चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, घनश्याम शर्मा, सुकृत सागर, कमल शर्मा, रवि दत्त शर्मा, अरुण कौशल, वरिंदर शर्मा, अभिषेक इंदौरिया और सतिंदर गौतम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

गोल्ड मेडल विजेता हॉकी खिलाड़ी प्रिंसदीप को किया सम्मानित

अशोक ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, इंदौरा। एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर हॉकी टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को पंजाब-हिमाचल सीमा के कंडवाल में सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश हॉकी के अध्यक्ष एवं विधायक रणबीर सिंह निक्का ने उन्हें सम्मानित कर उनकी उपलब्धि की सराहना की। प्रिंसदीप सिंह जिला पठानकोट के गांव चौहाना के निवासी हैं।



प्रिंसदीप सिंह ने बताया कि वह भारतीय हॉकी टीम में गोलकीपर के रूप में खेलते हैं। दिसंबर 2025 में तमिलनाडु में आयोजित जूनियर हॉकी एशिया कप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मायूसी जाहिर करते हुए कहा कि एशिया कप जीतकर लौटने के बाद उन्हें वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे हकदार थे। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश हॉकी अध्यक्ष रणबीर सिंह निक्का ने कहा कि केंद्र सरकार देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी देश का गौरव हैं और उनके योगदान का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रिंसदीप ने अपनी उपलब्धि से देश के साथ अपने क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। निक्का ने कहा कि प्रिंसदीप जैसे खिलाड़ियों से भविष्य में भी काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश हॉकी की ओर से प्रिंसदीप को प्रदेश स्तरीय खेल आयोजनों में विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा, ताकि उनके अनुभव से राज्य के अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल सके और उनका उत्साह बढ़े। इस अवसर पर प्रिंसदीप सिंह के पिता रशपाल सिंह और अमन महाजन सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

मिसाल | तालाब निर्माण के लिए मिला 49,600 रुपए का सरकारी अनुदान

मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना से संवरा उत्तम सिंह का स्वरोजगार

भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकारी योजनाएं नई संभावनाओं के द्वार खोल रही हैं। जोगिंद्रनगर उपमंडल के कुंड गांव निवासी उत्तम सिंह की कहानी भी इसी बदलाव की मिसाल है।

मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना का लाभ उठाकर उन्होंने मछली पालन को अतिरिक्त आमदनी का जरिया बनाया है। आज इस व्यवसाय से वह सालाना करीब 50 हजार रुपए कमा रहे हैं। उनकी यह पहल बताती है कि सही मार्गदर्शन, सरकारी सहयोग और मेहनत के बूते गांव में रहकर भी स्वरोजगार की मजबूत राह बनाई जा सकती है।

वर्ष 2025 में उत्तम सिंह ने मछली पालन का काम शुरू करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने तालाब का निर्माण करवाया, जिस पर लगभग 62,000 रुपए खर्च हुए। योजना के तहत सरकार ने उन्हें 49,600 रुपए का अनुदान दिया। आर्थिक सहायता मिलने से शुरुआती निवेश का बोझ कम हुआ और उन्हें अपने व्यवसाय को आकार देने में मदद मिली।



प्रशिक्षण ने बढ़ाया आत्मविश्वास

व्यवसाय को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए उत्तम सिंह को ओडिशा में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला। यहां उन्होंने मछली पालन से जुड़ी तकनीकी जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने तालाब में मछली के 2,000 बीज डाले और उत्पादन शुरू किया। व्यावहारिक जानकारी और निरंतर मेहनत ने उनके प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद की।

सालाना 50 हजार रुपए की अतिरिक्त कमाई

उत्तम सिंह के अनुसार, मछली पालन अब उनकी आय का महत्वपूर्ण अतिरिक्त साधन बन चुका है। इससे उन्हें सालाना लगभग 50 हजार रुपए की आमदनी हो रही है। वह भविष्य में इस व्यवसाय का विस्तार कर आय बढ़ाना चाहते हैं। उनका मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों का सही इस्तेमाल कर युवा स्वरोजगार के नए अवसर तलाश सकते हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए उत्तम सिंह ने कहा कि सरकारी अनुदान और प्रशिक्षण ने उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने में सहयोग दिया। उन्होंने बेरोजगार युवाओं से अपील की कि वे नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप स्वरोजगार के विकल्प भी अपनाएं।

संसद छोड़ सड़कों पर उतरना लोकतंत्र का दुर्भाग्य, शांता कुमार का विपक्ष पर तीखा हमला

भारतेन्दु संवाददाता, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने देश के विपक्षी दलों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उनसे टकराव का रास्ता छोड़कर संसद में सकारात्मक चर्चा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकतांत्रिक बहसों को संसद से निकालकर सड़कों पर ले जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शांता कुमार के अनुसार, नेतृत्व की कमी और आंतरिक बिखराव से जूझ रहा विपक्ष राजनीतिक निराशा में आत्मघाती रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को अपनी भूमिका समझते हुए संसद में चर्चा और संवाद के माध्यम से मुद्दों को उठाना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो सके। शांता कुमार ने चुनाव आयोग के कामकाज का समर्थन करते हुए कहा कि हाल ही में 42 पूर्व न्यायाधीशों और 142 पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, जिनमें आईएएस और आईपीएस अधिकारी शामिल हैं, ने संयुक्त पत्र लिखकर आयोग के कार्यों को सही ठहराया है। उनके अनुसार, इन 184 पूर्व अधिकारियों और विशेषज्ञों की राय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

- **चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वाले विपक्ष से शांता कुमार ने पूछे सवाल**

उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं से पूछा कि यदि चुनाव प्रक्रिया में खामियां हैं, तो इसी व्यवस्था के तहत हिमाचल प्रदेश सहित सात राज्यों में भाजपा को हराकर कांग्रेस की सरकारें कैसे बनीं। उन्होंने विपक्ष से इस सवाल का जवाब देने को कहा। शांता कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने 23 छोटे-बड़े दलों को साथ लेकर राष्ट्रीय गठबंधन बनाया था। साझा कार्यक्रम के आधार पर चुनाव लड़कर गठबंधन ने सरकार चलाई थी।

न्यूज ब्रीफ

निजी अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

भारतेन्दु संवाददाता, पानीपत। मॉडल टाउन स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने और मरीज की स्थिति छिपाने का आरोप लगाया। परिजनों के अनुसार, उन्होंने घटना के समय की सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने फुटेज दिखाने से इनकार कर दिया। इससे नाराज परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं, रविंद्रा अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमन अरोड़ा ने लापरवाही के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने बताया कि मरीज को समालखा से रेफर कर अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने उसकी हालत में काफी सुधार किया था, लेकिन उसे दोबारा अटैक आया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। डॉक्टर ने कहा कि अस्पताल की ओर से इलाज में कोई लापरवाही नहीं बरती गई। मामले में परिजनों के आरोपों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पंचकूला के अमीरी क्लब में एक्साइज विभाग की रेड, अवैध शराब बरामद

भारतेन्दु संवाददाता, पंचकूला। सेक्टर स्थित अमीरी क्लब में आबकारी विभाग की टीम ने देर रात अचानक छापेमारी कर शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान क्लब में यूटी चंडीगढ़ में बिक्री के लिए निर्धारित शराब मिली, जिसके संबंध में क्लब प्रबंधन पास या परमिट नहीं दिखा सका। इसके अलावा बिना लेबल वाली विदेशी शराब की बोतलें भी बरामद होने की जानकारी सामने आई है। विभाग की इस कार्रवाई से क्लब में शराब रखने और उसके नियमों के तहत इस्तेमाल को लेकर सवाल उठे हैं। चंडीगढ़ में बिक्री के लिए निर्धारित शराब को बिना उचित अनुमति दूसरे क्षेत्र में रखना नियमों का उल्लंघन हो सकता है। ऐसे में आबकारी विभाग बरामद शराब से जुड़े दस्तावेजों और परमिट की जांच कर सकता है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में बरामद शराब की कुल मात्रा, क्लब प्रबंधन के खिलाफ दर्ज कार्रवाई और जांच के अंतिम निष्कर्षों का विवरण सामने नहीं आया है। मामले में विभाग की आगे की कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि शराब किस स्रोत से लाई गई थी और नियमों का उल्लंघन हुआ या नहीं।

फरीदाबाद में पत्थर गैंग से पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

भारतेन्दु संवाददाता, फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में क्राइम ब्रांच की टीम और मध्य प्रदेश के पत्थर गैंग के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने भागने की कोशिश कर रहे उनके पांच अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के अनुसार, पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में घायल दोनों बदमाशों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सातों आरोपी मध्य प्रदेश से आकर फरीदाबाद में घरों में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। फिलहाल, सभी आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और उनके द्वारा की गई अन्य वारदातों के संबंध में भी जांच जारी है।

रेवाड़ी में पालिकाध्यक्ष के बेटे की शादी का भव्य आयोजन, 106 गांवों में बंटेंगे कार्ड

भारतेन्दु संवाददाता, रेवाड़ी। बावल नगर पालिका के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह महलावत के बेटे की शादी को लेकर भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। शादी 20 नवंबर को होगी, जबकि इसके उपलक्ष्य में 23 नवंबर को दावत कार्यक्रम रखा जाएगा। आयोजन को लेकर चेयरमैन ने पंचायत आयोजित की, जिसमें बावल 84 खाप के प्रतिनिधि शामिल हुए। वीरेंद्र सिंह महलावत के अनुसार, खाप के 106 गांवों में घर-घर शादी के कार्ड पहुंचाकर पूरे परिवार को निमंत्रण दिया जाएगा। कार्यक्रम में एक साथ 15 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। दावत में देशभर के प्रमुख राजनेताओं, कारोबारियों और अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, विधायकों, पूर्व विधायकों, विपक्षी नेताओं तथा खाप चौधरियों को भी न्योता देने की योजना है।

फुटपाथ पर सो रहे बुजुर्गों पर चढ़ी फॉर्च्यूनर हादसे के बाद युवक-युवती फरार

भारतेन्दु संवाददाता, गुरुग्राम। बादशाहपुर थाना क्षेत्र में सोहना रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ गई। हादसे में फुटपाथ पर सो रहे दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार सवार युवक और युवती वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब पांच बजे आयरिया मॉल के पास हुआ। फॉर्च्यूनर बादशाहपुर से सोहना की ओर जा रही थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार फुटपाथ पर चढ़ गई। वहां सो रहे दोनों बुजुर्ग कार की चपेट में आ गए। इसके बाद फॉर्च्यूनर फुटपाथ पर खड़ी एक क्रेन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल बुजुर्गों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार कार सवारों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

ध्रुव राठी बोले- बेडरूम से घसीटकर ले गए 22 घंटे हिरासत में रखा

भारतेन्दु संवाददाता, गुरुग्राम। यूट्यूबर ध्रुव राठी ने कथित हिरासत से रिहा होने के बाद वीडियो जारी कर दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि शनिवार सुबह सादे कपड़ों में करीब 50 लोग गुरुग्राम स्थित उनके घर में घुसे और उन्हें जबरन अपने साथ ले गए। ध्रुव के अनुसार, घर में घुसने के दौरान उनकी मां को धक्का दिया गया। इसके बाद उन्हें सोते समय बेडरूम से घसीटकर जीप में बैठाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 22 से 23 घंटे तक हिरासत में रखने के दौरान उन्हें कई पुलिस स्टेशनों में घुमाया गया और वकील से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। ध्रुव ने इस कार्रवाई को हिरासत के बजाय अपहरण बताया। उन्होंने पासपोर्ट दिखाते हुए अपनी भारतीय नागरिकता पर भी जोर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उन्हें गुरुग्राम के सेक्टर-39 स्थित क्राइम ब्रांच थाने में रखा गया था।

सड़क टूटी तो अधिकारियों की एसीआर होगी खराब

मुख्यमंत्री ने सड़क मरम्मत से जुड़ी शिकायतों का 10 दिन में समाधान करने के निर्देश दिए

भारतेन्दु संवाददाता, चंडीगढ़



हरियाणा सरकार ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए नियम सख्त किए हैं। अब यदि किसी अधिकारी की निगरानी में बनी सड़क निर्धारित समय से पहले खराब होती है और जांच में उसकी लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) प्रभावित होगी। सरकार का उद्देश्य सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखना तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करना है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को 'म्हारी सड़क' ऐप और विभिन्न विभागों के अधीन आने वाली सड़कों की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और मरम्मत से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सड़क मरम्मत से जुड़ी शिकायतों को लंबित रखने पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों का समाधान अधिकतम 10 दिन के भीतर किया जाए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़क खराब होने की शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभाग समय पर कार्रवाई करे। शिकायतों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। सड़कों की खराब स्थिति से आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। ऐसे में शिकायतों का समय पर समाधान होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार की ओर से निर्धारित समयसीमा का उद्देश्य विभागों को अधिक जवाबदेह बनाना और सड़क मरम्मत के कार्यों में तेजी लाना है। नई व्यवस्था के तहत सड़क निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होगी। यदि उनके अधीन बनी सड़क समय से पहले खराब होती है और जांच में निगरानी या कार्यप्रणाली में लापरवाही पाई जाती है, तो इसका असर उनकी एसीआर पर पड़ सकता है। इससे अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देना आवश्यक है। निर्माण के बाद सड़क की स्थिति पर निगरानी रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, ताकि समय से पहले नुकसान होने की स्थिति में कारणों की जांच की जा सके और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय हो। समीक्षा के दौरान निर्माण स्थलों पर संबंधित एजेंसी और अधिकारियों की जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड लगाने का मुद्दा भी प्रमुख रहा। ऐसे बोर्डों से लोगों को सड़क निर्माण कार्य से संबंधित जिम्मेदार एजेंसी और अधिकारियों की जानकारी मिल सकेगी।

प्रताप स्कूल के भारोत्तोलकों ने जीते चार स्वर्ण पदक

भारतेन्दु संवाददाता, सोनीपत। फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-17 वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी हासिल की। अंडर-19 वर्ग में स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। चारों स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। अंडर-17 वर्ग में परवेज ने 60 किलोग्राम और संभव ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में आदित्य ने 79 किलोग्राम और प्रथम ने 98 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। रविवार को स्कूल पहुंचने पर खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया और शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने खिलाड़ियों का स्वागत कर सम्मानित किया। ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से सफलता मिलती है।

पोलियो को हराकर शालू बनीं समाजसेवा की मिसाल

'माय ट्रस्ट' के जरिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की तैयारी

भारतेन्दु संवाददाता, रोहतक



मुश्किलें कितनी भी हों, अगर इरादे मजबूत हों तो रास्ते खुद बन जाते हैं। रोहतक के विकास नगर निवासी शालू अरोड़ा इसका उदाहरण हैं। करीब तीन साल की उम्र में पोलियो होने के कारण उनकी कमर में परेशानी हो गई, जिससे उनके लिए चलना-फिरना आसान नहीं रहा। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लगातार प्रयास किए। शारीरिक चुनौतियों के सामने हार मानने के बजाय शालू ने अपने जीवन को नई दिशा दी।

उन्होंने अपनी परिस्थितियों को आगे बढ़ने में बाधा नहीं बनने दिया और आज जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में प्रेरणादायक पहचान बना रही हैं। उनका जीवन बताता है कि मजबूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच के साथ कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है। शालू पिछले करीब 20 वर्षों से समाजसेवा के कार्यों में जुटी हैं। वह जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास कर रही हैं।

उनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने में मदद करना है। शिक्षा को जीवन में बदलाव का महत्वपूर्ण माध्यम मानते हुए वह जरूरतमंद बच्चों के जीवन को संवारने में योगदान दे रही हैं। शालू की इस पहल से समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संदेश भी मिलता है। उनका मानना है कि जरूरतमंदों की सहायता करना समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

छोटे-छोटे प्रयास भी किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। शालू अब 'माय ट्रस्ट' के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की तैयारी कर रही हैं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए आजीविका के अवसर विकसित करने की दिशा में काम करना है। स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकती हैं और परिवार की जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकती हैं।

मोबाइल टावर लगाने के विरोध में जुटे लोग, कर्मचारी सामान लेकर लौटे

भारतेन्दु संवाददाता, फरीदाबाद। बल्लभगढ़ के हरि विहार में मकान की छत पर मोबाइल टावर लगाने को लेकर रविवार को हंगामा हो गया। गली नंबर-17 के लोगों ने टावर लगाने का विरोध किया। बढ़ते विरोध के चलते कंपनी के कर्मचारियों को सामान वापस लेकर लौटना पड़ा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद मामला शांत हो गया। स्थानीय निवासी जगदीश, हरिचंद बघेल और रेखा ने बताया कि वे पिछले करीब एक सप्ताह से टावर लगाने का विरोध कर रहे हैं। रविवार सुबह सामान पहुंचने की सूचना मिलते ही लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन के कारण गंभीर बीमारियों की आशंका जताते हुए इलाके में टावर नहीं लगाने की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार, मकान मालिक शहंशाह ने भी कंपनी को टावर लगाने से मना कर दिया था। इसके बाद कर्मचारी सामान लेकर लौट गए।

गुरुग्राम-बादली रोड पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ट्रैफिक कॉन्स्टेबल की मौत

भारतेन्दु संवाददाता, गुरुग्राम। गुरुग्राम-बादली रोड पर शनिवार रात सड़क हादसे में हरियाणा पुलिस के 28 वर्षीय ट्रैफिक कॉन्स्टेबल अंकित कुमार की मौत हो गई। वह ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर बाढ़सा जा रहे थे। फरुखनगर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अंकित कुमार सेक्टर-29 ट्रैफिक पुलिस में तैनात थे। शनिवार रात करीब नौ बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान इकबालपुर के पास पीछे से आए एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अंकित सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, अंकित कुमार की शादी हो चुकी थी। वह करीब तीन से चार साल पहले हरियाणा पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर भर्ती हुए थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।



एआई चित्र।

- गुरुग्राम में तेज रफ्तार का कहर, ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने गंवाई जान

एलन मस्क पर भड़के सुहेल सेठ, बोले भारत को हल्के में लेने की गलती मत करना

भारतेन्दु संवाददाता, गुरुग्राम

भारत में इंटरनेट सेवाओं को लेकर एलन मस्क की कुछ टिप्पणियों के बाद मशहूर भारतीय लेखक, सामाजिक टिप्पणीकार और ब्रांड कंसल्टेंट सुहेल सेठ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गुरुग्राम में रहने वाले सुहेल सेठ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क को सीधे टैग करते हुए कड़े शब्दों में अपनी नाराजगी जाहिर की। उनका यह पोस्ट कुछ ही घंटों में चर्चा का विषय बन गया। सुहेल सेठ ने अपने पोस्ट में लिखा कि दुनिया में मस्क की परवाह करने वाला कोई नहीं है, न चीन में, न भारत में और न ही अमेरिका में।



भारतेन्दु संवाददाता, गोपालपुर। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के हिमालयन योग व ध्यान केंद्र, कैलाश आश्रम गुजरेहड़ा, गोपालपुर में 16 से 18 अक्तू बर तक भव्य नवरात्रि उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान विश्व शांति, सद्भावना व मानव कल्याण के लिए हवन, यज्ञ और पारंपरिक वैदिक अनुष्ठान होंगे। संस्था के जिला मीडिया को-ऑर्डिनेटर देशराज चंबियाल ने बताया कि 16 अक्तू बर को महागणपति नवग्रह व वास्तु होम, गणपति पूजा और सुदर्शन होम होंगे। 17 अक्तू बर को रुद्र पूजा, श्री चंडी कलश अभिषेक व चंडी प्रायणाम तथा 18 अक्तूबर को अध्याय होम और श्री चंडी होम सहित विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्सव में कांगड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रतिदिन विशेष सत्संग भी आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त, 15 से 18 अक्तू बर तक स्वामी कौशिक के निर्देशन में विशेष एडवांस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोग पंजीकरण करवा रहे हैं। संस्था ने श्रद्धालुओं और साधकों से उत्सव में शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

बारिश और तूफान ने धान की फसल पर बरपाया कहर, दर्जनों गांवों के किसान परेशान



भारतेन्दु संवाददाता, पांवटा साहिब। अचानक हुई बारिश व तूफान ने पांवटा साहिब क्षेत्र के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में तैयार खड़ी धान की फसल प्रभावित होने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। मानपुर देवड़ा, मेहरूवाला, भंगानी, गोजर, सिंघपुरा, गुरुवाला, खोड़ोवाला, पुरुवाला, फूलपुर और शिवपुर सहित दर्जनों गांवों में धान की फसल को नुकसान पहुंचने की सूचना है। किसानों ने बताया कि बीज, खाद, सिंचाई व मजदूरी पर खर्च करने के बाद अब उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। धान क्षेत्र की प्रमुख खरीफ फसल है और इससे किसानों की आय काफी हद तक जुड़ी होती है। ऐसे में तैयार फसल को नुकसान पहुंचना उनके लिए बड़ा झटका है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से नुकसान का आकलन करवाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि विभागीय टीमें गांवों में पहुंचकर फसलों का सर्वेक्षण करें और नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को आर्थिक राहत मिल सके।

बाबा नाहर सिंह मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव शुरू, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। बिलासपुर के ऐतिहासिक बाबा नाहर सिंह मंदिर में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और महिलाओं ने भाग लिया। पीले वस्त्रों में सजी महिलाओं की कलश यात्रा और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दुर्गा पूजा समिति की संस्थापक डॉ. मलिका नड्डा ने बताया कि समिति इस वर्ष अपना 25वां वार्षिकोत्सव यानी रजत जयंती मना रही है। महोत्सव के दौरान 10 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतिदिन शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा दुर्गा अष्टमी, महानवमी और विजयादशमी के पूजन में शामिल होंगे। समिति ने श्रद्धालुओं से धार्मिक आयोजन, सांस्कृतिक संध्याओं और भंडारे में भाग लेने की अपील की है।

13 और 14 अक्तूबर को केलांग व उदयपुर में सुनी जाएंगी जनसमस्याएं

भारतेन्दु संवाददाता, केलांग। लाहौल-स्पीति में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत 13 और 14 अक्तू बर को केलांग व उदयपुर में जनसमस्याएं सुनी जाएंगी। डीसी किरण भड़ाना ने बताया कि इसके लिए दो क्लस्टर बनाए गए हैं। पहले क्लस्टर के तहत 13 अक्तू बर को दोपहर 2:30 बजे पुराने परिधि गृह, केलांग में शिकायतें और मांगें प्राप्त की जाएंगी। इसमें केलांग सहित 20 पंचायतें शामिल हैं। दूसरे क्लस्टर के तहत 14 अकतूबर को सुबह 11 बजे अंबेडकर भवन, उदयपुर में जनसमस्याएं सुनी जाएंगी। इसमें 14 पंचायतों के लोग अपनी शिकायतें और मांगें रख सकेंगे। डीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव होगा, उनका तत्काल निपटारा किया जाएगा अन्य शिकायतें दर्ज कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी विभागवार प्रगति रिपोर्ट तैयार कर उपायुक्त कार्यालय को सौंपेंगे।

पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रो. प्रेम कुमार धूमल से की शिष्टाचार भेंट



भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक पटियाल एवं सह-संयोजक कमलेश परमार ने रविवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पूर्व सैनिकों के कल्याण, वन रैंक वन पेंशन योजना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक पटियाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों की सबसे बड़ी मांग वन रैंक वन पेंशन को सबसे पहले लोकसभा में प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने उठाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस मांग को स्वीकार करते हुए लाखों पूर्व सैनिकों को बड़ी राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों के सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। सैनिकों के प्रति केंद्र सरकार का सम्मान, समर्पण और प्रतिबद्धता अभूतपूर्व है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल वन रैंक वन पेंशन योजना को लागू किया, बल्कि सैनिकों के साथ दीपावली मनाकर यह संदेश भी दिया कि पूरा देश अपने सैनिकों के साथ मजबूती से खड़ा है।

बेरी चौक पर खुला डेली नीड्स स्टोर, ग्राहकों को मिलेगी 10% से अधिक छूट

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। नवरात्र के पावन अवसर पर शिमला रोड स्थित बेरी चौक के समीप 'डेली नीड्स मल्टी प्रोडक्ट स्टोर' का शुभारंभ हुआ। चमलोग स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के बाबा कमल दास जी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद स्टोर का उद्घाटन किया। स्टोर का संचालन युवा उद्यमी अभिषेक महाजन करेंगे। बीबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने नौकरी के बजाय स्वरोजगार अपनाया। पिता पंकज महाजन से प्रेरणा लेकर उन्होंने यह पहल की है। अभिषेक ने बताया कि स्टोर में किराना, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और एफएमसीजी उत्पाद 10 प्रतिशत या उससे अधिक छूट पर उपलब्ध होंगे। वर्तमान में यहां ब्रिटानिया, पारले, हल्दीराम और वेरका सहित 55 ब्रांड के उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अगले चार महीनों में ब्रांड की संख्या बढ़ाकर 89 करने तथा आगामी एक वर्ष में भगेड़ में नई शाखा खोलने का लक्ष्य है। उनकी यह पहल युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

बारालाचा व शिंकुला पास में हुई बर्फबारी

4×2 वाहनों और दोपहिया की आवाजाही पर रोक, जांस्कर की ओर से आ रहे कई वाहन बर्फ में फंसे

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, केलांग। लाहौल-स्पीति जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी के चलते बारालाचा ला और शिंकुला पास की ओर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। पर्यटकों और आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने दारचा से इन दोनों दर्रों की ओर जाने वाले सभी 4×2 वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है।

पुलिस ने पर्यटकों से खराब मौसम के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। जानकारी के अनुसार, हाल ही में जांस्कर घाटी की ओर से शिंकुला पास होकर लाहौल की तरफ आ रहे कुछ वाहन अचानक बर्फबारी के कारण रास्ते में फंस गए। इनमें दोपहिया वाहन और 4×2 वाहन भी शामिल थे। सूचना मिलते ही लाहौल-स्पीति पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फंसे वाहनों और उनमें सवार लोगों को सुरक्षित निकालने में सहायता की। डीएसपी मुख्यालय केलांग केडी शर्मा ने पर्यटकों, वाहन चालकों और आम जनता से अपील की है कि प्रतिकूल मौसम के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा करने से बचें। यदि किसी जरूरी कारण से यात्रा करनी पड़े तो केवल उपयुक्त 4×2 वाहन का इस्तेमाल करें और वाहन में स्नो चेन अवश्य रखें, ताकि बर्फबारी के दौरान सुरक्षा बनी रहे।



मौसम और सड़क की स्थिति की जानकारी लेकर निकलें

पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि यात्रा शुरू करने से पहले सड़क और मौसम की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से समय-समय पर जारी यातायात व मौसम संबंधी एडवाइजरी का पालन करें तथा प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि खराब मौसम में सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी करना जोखिम भरा हो सकता है। लाहौल-स्पीति पुलिस ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से सावधानी बरतने, सुरक्षित यात्रा करने और किसी भी तरह का जोखिम न उठाने की अपील की है।

धौलाधार पर बर्फ की सफेद चादर बिछते ही धर्मशाला में कंपकंपी, पर्यटकों की उमड़ी भारी भीड़



भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। शारदीय नवरात्र की शुरुआत होते ही धर्मशाला के मौसम ने ऐसा करवट बदला कि लोगों को अलमारियों से गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया। धौलाधार की ऊंची चोटियों पर सफेद बर्फ गिरते ही पूरी घाटी अचानक ठिठुर उठी। दिन भर झमाझम बारिश के बाद तापमान सीधे नीचे गिरा और वादियों में छाई घनी धुंध ने पूरे इलाके को एक जादुई फिल्मी सीन जैसा बना दिया।

मौसम विभाग के मुताबिक 13 तारीख तक यह ठंडा और बादलों भरा मिजाज बना रहेगा, जिसके बाद 14 तारीख से धूप निकलने और मौसम साफ होने की उम्मीद है। बर्फबारी की खबर फैलते ही पंजाब, हरियाणा व दिल्ली समेत आसपास के राज्यों से पर्यटक बैग पैक करके धर्मशाला की ओर दौड़ पड़े हैं। मैकलॉडगंज के कैफे और तिब्बती बाजारों में अचानक भारी हलचल बढ़ गई है, जबकि भागसुनाग झरने पर बहते ठंडे पानी और कोहरे का लुत्फ उठाने वालों का तांता लगा हुआ है। वहीं, सबसे ज्यादा रोमांच त्रिउंड ट्रेक पर देखने को मिल रहा है, जहां सैकड़ों युवा बर्फ से ढकी चोटियों को करीब से देखने और रोमांचक सफर का मजा लेने के लिए चढ़ाई कर रहे हैं। इस बेमौसम ठंडक ने स्थानीय लोगों को गर्म चाय के दौर पर ला खड़ा किया है, तो पर्यटकों के लिए इसे एक शानदार सरप्राइज बना दिया है।

भाजपा अर्की मंडल की बैठक में संगठन मजबूत करने पर दिया बल

भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। भारतीय जनता पार्टी अर्की मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष रीना भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मंडल महासचिव यश पाल कश्यप ने बताया कि बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष रत्न सिंह पाल और विस्तारक कमलेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन को मजबूत करना और बूथ स्तर पर पार्टी की पकड़ बढ़ाना रहा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर विकास कार्यों में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हैं और कांग्रेस संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों सहित मंडल के कार्यकर्ता, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष व सदस्य, प्रकोष्ठ संयोजक, ग्राम केंद्रों के अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी ने संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

चिट्टा तस्करी नेटवर्क पर बिलासपुर पुलिस का प्रहार, पंजाब से मुख्य सप्लायर काबू

अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने चिट्टा तस्करी के मामले में बैकवर्ड लिंक की जांच करते हुए पंजाब के अमृतसर से कथित मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है।



आरोपी की पहचान 34 वर्षीय गुरदेव सिंह निवासी गांव गडली, जिला अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 3 अगस्त 2026 को स्पेशल डिटेक्शन टीम ने बलोह के समीप बस की तलाशी के दौरान अमृतसर निवासी स्नेहलता उर्फ स्नेहा से करीब 58 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। इस मामले में थाना घुमारवीं में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत एफआईआर संख्या 152/2026 दर्ज की गई थी। महिला की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। पूछताछ, तकनीकी व डिजिटल साक्ष्यों और बैंक लेन-देन के विश्लेषण के आधार पर सप्लाई नेटवर्क के तार गुरदेव सिंह से जुड़े। इसके बाद पुलिस टीम ने अमृतसर में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस नेटवर्क के फॉरवर्ड लिंक पर भी कार्रवाई कर चुकी है। खेप के कथित खरीददार मंडी जिले के कटौला निवासी 45 वर्षीय दीपक कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

विधायक कमलेश सेरा में आज बांटेंगी स्टाइपेंड राशि और प्रमाण पत्र

भारतेन्दु संवाददाता/हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम और उद्योग विभाग की ओर से संचालित रैंप योजना के तहत प्रशिक्षित स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों और उद्यमियों को स्टाइपेंड राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच ने बताया कि 12 अक्तूबर को दोपहर 3 बजे नादौन उपमंडल के सेरा स्थित विश्राम गृह में समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर करेंगी। इस दौरान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं, युवाओं और अन्य उद्यमियों को स्टाइपेंड राशि तथा प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। योजना का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देना और प्रशिक्षित लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है।

हिमाचल के खिलाड़ियों को नादौन में मिलेंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं: सुनील

अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार को अणु में छात्राओं की 67वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 इंडोर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों एवं एक स्पोर्ट्स हॉस्टल की लगभग 803 छात्राएं कुल दस स्पर्धाओं-बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, भारोतोलन, कुश्ती, मुक्केबाजी, जूडो, कराटे, वुशू और ताइक्वांडो में भाग ले रही हैं।



इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हिमाचल के खिलाड़ियों को अब शीघ्र ही नादौन में अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम की सौगात मिल जाएगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस स्टेडियम में 14 खेलों के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं का प्रावधान किया है। प्रतिभागियों से मिल्खा सिंह व मेजर ध्यान चंद जैसे महान खिलाड़ियों का अनुसरण करने की अपील करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इन महान खेल हस्तियों ने बेहद कठिन परिस्थितियों के बावजूद कड़ी मेहनत व एवं अनुशासन के बल पर पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया था। सभी प्रतिभागी उच्च खेल भावना एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लें और आने वाले समय में प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि खेलों में और हमारी आम जिंदगी में भी जीत व हार चलती रहती है, अगर कभी हार हो जाए, तो उससे निराश हुए बगैर लगातार मेहनत एवं प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा मुख्यमंत्री द्वारा आरंभ किए गए चिट्टा मुक्त अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील भी की। इससे पहले, सुनील शर्मा बिट्टू ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्जवलन के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों के शानदार मार्चपास्ट की सलामी ली। सेकेंडरी शिक्षा उपनिदेशक देशराज डोगरा और एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मानपुर देवड़ा में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

जिप सदस्य खतरी सिंह ठाकुर ने किया शुभारंभ, 11 जिलों की छात्राएं ले रही हैं भाग

भारतेन्दु संवाददाता, पांवटा साहिब। जिला सिरमौर के शहीद सोहन सिंह मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मानपुर देवड़ा में 67वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (प्रमुख खेल, छात्रा वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ।



11 से 14 अक्तूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सतौन खतरी सिंह ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों की बालिका खिलाड़ी भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद मुख्यातिथि और अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचीं खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लेकर अनुशासन, एकता और खेल भावना का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रतियोगिता में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन और ऊना जिलों की छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। चार दिवसीय आयोजन के दौरान खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव हासिल करने और अपनी क्षमताओं को निखारने का अवसर मिलेगा। मुख्यातिथि खतरी सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, अनुशासन और आपसी सहयोग है। उन्होंने खिलाड़ियों से सकारात्मक सोच के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा एक-दूसरे का सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, एकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समारोह में हरप्रीत सिंह रतन, विशाल कपूर और अवनीत सिंह बांबा विशेष एवं विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ अन्य जिलों की खिलाड़ियों से मिलने और अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता 14 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

टेट प्रभावित शिक्षकों को राहत के लिए अध्यादेश लाए केंद्र सरकार

◆ नड्डा से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल, केंद्रीय मंत्री ने उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से प्रभावित शिक्षकों को राहत दिलाने के लिए ज्वाइंट टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से अध्यादेश लाने की मांग की है। फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव हितेंद्र साहसी की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

हितेंद्र साहसी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि देशभर में करीब 30 लाख शिक्षक टेट की अनिवार्यता से प्रभावित हैं। हिमाचल प्रदेश में भी लगभग 20 हजार जेबीटी, टीजीटी, शास्त्री, भाषा अध्यापक और अन्य श्रेणियों के शिक्षक इस समस्या का सामना कर रहे हैं। फेडरेशन के अनुसार, कई शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू सेवा नियमों और शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी, जब टेट अनिवार्य नहीं था, ऐसे में वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों को अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। फेडरेशन ने शिक्षकों के सेवाकाल, अनुभव और नियुक्ति के समय लागू नियमों को ध्यान में रखते हुए न्यायसंगत समाधान निकालने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार के समक्ष यह मामला प्रभावी ढंग से उठाया जाए। फेडरेशन ने अध्यादेश लाकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की, ताकि उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधिमंडल में खेम दास महंत, हरमेश लाल शर्मा, दिनेश ठाकुर सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा घुमारवीं मंडल निकालेगा 'जन आक्रोश पदयात्रा'

भारतेन्दु संवाददाता, घुमारवीं। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नीतियों और चुनावी गारंटियों के खिलाफ भाजपा घुमारवीं मंडल 'जन आक्रोश पदयात्रा' निकालेगा। शनिवार को घुमारवीं में आयोजित मंडल स्तरीय बैठक में अभियान की रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने की, जबकि पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग और भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता से संवाद करेंगे तथा सरकार के चुनावी वादों को लेकर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं को समझना और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना है। बैठक में पदयात्रा के रूट, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

बिलासपुर कॉलेज ने लगातार तीसरी बार जीती ओवरऑल बॉक्सिंग चैंपियनशिप

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के खिलाड़ियों ने दौलतपुर चौक में आयोजित चार दिवसीय अंतर-महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। प्रतियोगिता में 23 महाविद्यालयों के करीब 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बिलासपुर कॉलेज ने सात पदक अपने नाम किए। प्रांजल, नितेश कुमार, ऋतेश और अनिकेत ठाकुर ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि पीयूष नेगी ने रजत तथा प्रत्युष और ध्रुव ने कांस्य पदक हासिल किए। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल और प्राध्यापकों ने टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम सहित खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार गौरवान्वित है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी करना पड़ रहा संघर्ष: जम्वाल

भारतेन्दु संवाददाता, सुंदरनगर। सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के निहरी में आस्था हॉस्पिटल द्वारा ग्राम पंचायत मरहड़ा बदैहण में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आस्था हॉस्पिटल के एमडी डॉ. अरुण चंदेल और उनकी टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य जांच व चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। विधायक राकेश जम्वाल ने इस पहल की सराहना करते हुए डॉ. अरुण चंदेल और उनकी पूरी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।



राकेश जम्वाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविर लोगों को स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, यह भी विचारणीय है कि प्रदेश के लोगों को नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी निभाने वाली सरकारी व्यवस्था को और मजबूत बनाने की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। अनेक क्षेत्रों में लोगों को समय पर उपचार, पर्याप्त चिकित्सक और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चरमराई हुई है और स्वास्थ्य मंत्री को इन समस्याओं का जवाब देना चाहिए, जब मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर होना पड़ता है, तो इसका सीधा असर मरीजों और उनके परिवारों पर पड़ता है। पहाड़ी प्रदेश होने के कारण हिमाचल के दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का मजबूत होना और भी आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों के उपचार के लिए भी लंबी दूरी तय न करनी पड़े। राकेश जम्वाल ने कहा कि मात्र मशीनें खरीद लेना ही उपचार नहीं है। अस्पतालों में आधुनिक मशीनें उपलब्ध करवाना तभी सार्थक है, जब उन्हें चलाने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी और मरीजों का उपचार करने के लिए पर्याप्त डॉक्टर, नर्सें तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद हों।

गरा फोरलेन पर 5.86 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिलासपुर पुलिस ने गरा फोरलेन स्थित एचपी टोल एंट्री बैरियर के समीप स्कूटी सवार दो युवकों को 5.86 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, टीम टोल बैरियर के पास नियमित गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान शक के आधार पर एक स्कूटी को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 5.86 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने नशीले पदार्थ और स्कूटी को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान करण (18) पुत्र रामपाल, निवासी निहारखान बसला तथा शुभम (24) पुत्र सोहन लाल, निवासी ज्योरा (करोट), जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चिट्टा कहां से लाया गया था और इसकी सप्लाई किसे की जानी थी। मामले में बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच जारी है।

सिरमौर जिले में बदहाल सड़कों से जनता परेशान, मिट्टी भरकर मरम्मत पर उठे सवाल



◆ सड़कों की दयनीय हालत से हादसों का खतरा, स्थायी समाधान की मांग

भीम सिंह, भारतेन्दु संवाददाता, पांवटा साहिब। जिला सिरमौर में बदहाल सड़कों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह पड़े गड्ढों से वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद सड़कों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। सड़कों की खराब हालत के चलते दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को गड्ढों से भरी सड़कों पर सफर करते समय काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। इससे लोगों में संबंधित विभाग और प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। वहीं, लोक निर्माण विभाग की ओर से कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है, लेकिन कई जगह गड्ढों में केवल मिट्टी और बजरी भरने के आरोप उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि इस तरह की अस्थायी मरम्मत कितने समय तक टिक पाएगी। बारिश और वाहनों की आवाजाही से गड्ढे दोबारा उभरने की आशंका बनी रहती है। लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग खराब सड़कों का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ स्थायी मरम्मत करवाए, ताकि सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके, अब देखना होगा कि प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कब ठोस कदम उठाता है और जनता को बदहाल सड़कों से राहत मिलती है।

ग्लैमरस कायला के हैं लाखों फैन्स

अमेरिका की कायला सिमंस एक प्रसिद्ध वॉलीबॉल खिलाड़ी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं, जिन्हें उनकी खेल प्रतिभा के साथ-साथ अपनी बोल्ड तस्वीरों के लिए जाना जाता है। इंस्टाग्राम पर लाखों फॉलोअर्स के साथ, वह फैशन और ग्लैमर की दुनिया में एक बड़ा नाम हैं।



स्पोर्ट्स विंडो

सूर्यवंशी में मेरी सोच की झलक : सहवाग

एजेंसी, दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी में उन्हें अपनी बेखौफ बल्लेबाजी की झलक दिखती है। सहवाग ने कहा- 'सूर्यवंशी पहली गेंद से ही शॉट लगाना चाहते हैं।' दिल्ली में शनिवार को क्र॥ष्ठ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सत्र में सहवाग ने सूर्यवंशी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत के लिए खेलने का मौका मिलने पर सूर्यवंशी उसका पूरा फायदा उठा सकते हैं। सहवाग ने यह भी कहा कि भारतीय क्रिकेट में उनकी जगह उम्र से नहीं, प्रदर्शन से तय होनी चाहिए। सहवाग ने सूर्यवंशी की उम्र को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उम्र की सीमा केवल उम्र-आधारित प्रतियोगिताओं में मायने रखती है। सहवाग ने कहा- 'अगर आप किसी उम्र-आधारित प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, तो यह बात सही है। अगर अंडर-19 है, तो आपकी उम्र 19 साल से कम होनी चाहिए।' सूर्यवंशी ने जुलाई 2026 में इंग्लैंड के खिलाफ सीनियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। वह 15 साल और 99 दिन की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के इंटरनेशनल क्रिकेटर बने। उन्होंने मैनचेस्टर में खेले गए अपने पहले टी-20 में 10 गेंद पर 14 रन बनाए। इस पारी में उनकी आक्रामक सोच दिखी, हालांकि भारत को मैच में हार मिली।

मैनचेस्टर सिटी को हराकर जश्न मनाना लक्ष्य : आन्दोनी इराओला

एजेंसी, लिवरपूल। लिवरपूल और मैनचेस्टर सिटी के बीच रविवार रात (भारतीय समय अनुसार) को इंग्लिश प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेला जाएगा। एनफील्ड में होने वाले इस मैच से पहले लिवरपूल के मुख्य कोच आन्दोनी इराओला ने कहा कि स्टेडियम का माहौल खास होगा और उनकी टीम प्रशंसकों को जश्न मनाने का अवसर देना चाहती है। मीडिया से एक साक्षात्कार में इराओला ने टीम के मौजूदा प्रदर्शन, सुधार की जरूरतों और मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलने के महत्व पर अपनी बात रखी। इराओला पहली बार लिवरपूल के मुख्य कोच के रूप में मैनचेस्टर सिटी का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अवकाश ने टीम को अब तक के प्रदर्शन का आकलन करने और आगामी मुकाबलों की तैयारी के लिए जरूरी समय दिया है। इराओला ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अवकाश हमें अब तक के सत्र पर विचार करने का अवसर देता है। सामान्य तौर पर हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहता है और अगले मुकाबले की तैयारी के लिए केवल दो या तीन दिन मिलते हैं। इस अवकाश के दौरान हमने उन पहलुओं का विश्लेषण किया, जिनमें हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और जहां सुधार की जरूरत है। अभ्यास के मैदान पर उन चीजों पर काम करने का भी समय मिला, जिन पर व्यस्त कार्यक्रम के कारण ध्यान नहीं दे पा रहे थे।

वॉलीबॉल चैंपियंस लीग में अयोध्या गर्जन ने दर्ज की करीबी जीत

एजेंसी, नई दिल्ली। वॉलीबॉल चैंपियंस लीग (वीसीएल) में अयोध्या गर्जन ने राजस्थान स्पाइकर्स को कड़े मुकाबले में 2-1 से हरा दिया। नोएडा के नोएडा इंडोर स्टेडियम में शनिवार खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। अयोध्या गर्जन ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला सेट 21-20 से जीता। इसके बाद टीम ने दूसरे सेट में भी अपना दबदबा बनाए रखा और 21-19 से जीत हासिल कर मैच में बढ़त बना ली। राजस्थान स्पाइकर्स ने तीसरे सेट में वापसी की और 21-19 से सेट अपने नाम किया, लेकिन शुरुआती दो सेट जीतने के दम पर अयोध्या गर्जन ने मुकाबला 2-1 से अपने नाम कर लिया। राजस्थान स्पाइकर्स के अनीकेत को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि अयोध्या गर्जन के मुकुल राणा को टीम की जीत में योगदान के लिए इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। जीत के बाद मुकुल राणा ने कहा, 'यह एक मुश्किल मुकाबला था और राजस्थान ने तीनों सेट में हमें कड़ी टक्कर दी। हमें पता था कि हमें अपना ध्यान बनाए रखना होगा और खासकर पहले दो सेट में अहम पॉइंट्स का पूरा फायदा उठाना होगा। टीम ने अच्छा तालमेल दिखाया और अंत तक लड़ाई जारी रखी। मुझे खुशी है कि हम जीत हासिल कर सके। अब हम इसी प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहेंगे और आने वाले मैचों में भी अपनी लय बनाए रखेंगे। '

गगनजीत भुल्लर ने जीता कृष्णा आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब

एजेंसी, हैदराबाद। विम्ता चेन्नई लायंस गोल्फ क्लब के गगनजीत भुल्लर ने एएम ग्रीन आईजीपीएल कृष्णा आमंत्रण 2026 गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। हैदराबाद गोल्फ क्लब में हुए मुकाबले में भुल्लर ने कुल 14 अंडर पार 196 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का ने उन्हें विजेता ट्रॉफी और 22 लाख 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। पंजाब रैप्टर्स गोल्फ क्लब के करनदीप कोचर और सी. मुनियप्पा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। दोनों खिलाड़ियों को 12 लाख 75 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली। कृष्णा पंजाब रैप्टर्स गोल्फ क्लब के मालिक सुमित पासी की मेजबानी में आयोजित इस टूर्नामेंट ने हैदराबाद में गोल्फ प्रेमियों को शानदार खेल देखने का अवसर दिया। इस अवसर पर भुल्लर ने कहा कि 12 साल के अंतराल के बाद हैदराबाद लौटकर मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने यहां के गोल्फ कोर्स का भरपूर आनंद लिया और परिस्थितियां भी बहुत अच्छी थीं। एएम ग्रीन आईजीपीएल का विशेष धन्यवाद। हमने पिछले साल आईजीपीएल के साथ इस यात्रा की शुरुआत की थी।

एशियाई खेलों में पदक विजेता सीमा का सामाजिक संस्थाओं ने किया सम्मान

प्रदेश के साथ चंबा का नाम रोशन करने पर धड़ोग अंबेडकर भवन में किया अभिनंदन

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला

चंबा। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली चंबा की धाविका सीमा कुमारी का धड़ोग स्थित अंबेडकर भवन में भव्य सम्मान किया गया। एशियाई खेलों में 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली सीमा कुमारी की उपलब्धि पर क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से समारोह आयोजित कर उनकी खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प को सलाम किया। अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा, अम्बेडकर यूथ क्लब चंबा, श्री गुरु रविदास सभा चंबा, भीमा बाई महिला मंडल चंबा तथा अम्बेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चंबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद सीमा कुमारी को शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय धड़ोग के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अंजू देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु और संगीता देवी, राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी करुणा चंद्रा, नगर परिषद चंबा के उपाध्यक्ष जितेंद्र सूर्या, पूर्व पार्षद अमृता चौहान सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। आयोजक संस्थाओं ने संदेश दिया कि खेल प्रतिभाओं का सम्मान केवल उपलब्धियों का अभिनंदन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देना भी है। सीमा कुमारी की उपलब्धि ने चंबा का मान बढ़ाने के साथ जिले की उभरती प्रतिभाओं के लिए नई उम्मीद जगाई है।



धड़ोग अंबेडकर भवन में सीमा को सम्मानित करते सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी।


सीमा की सफलता चंबा की बेटियों के सपनों की उड़ान

समारोह में वक्ताओं योगेश्वर अहीर, अनूप रही, जितेश्वर सूर्या, अविनाश पाल और शिवचरण ने सीमा कुमारी की खेल यात्रा और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमा की सफलता साबित करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और निरंतर मेहनत के दम पर कठिन से कठिन लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी उपलब्धि चंबा सहित पूरे प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि चंबा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है इन प्रतिभाओं को उचित मंच, संसाधन और प्रोत्साहन देने की, ताकि पहाड़ी क्षेत्र के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

न्यूजीलैंड की वनडे टीम में रचिन एवं चैपमैन की वापसी

एजेंसी, वेलिंगटन





न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली 5 मैचों की वनडे सीरीज के लिए 21 सदस्यीय टीम घोषित की है। चोट के कारण टी-20 सीरीज से बाहर रहे रचिन रवींद्र और मार्क चैपमैन की वनडे टीम में वापसी हुई है। कप्तान मिचेल सैंटनर समेत 6 खिलाड़ी पूरी सीरीज खेलेंगे, जबकि 8 खिलाड़ी शुरुआती 3 वनडे के बाद टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए लौट जाएंगे। आखिरी 2 वनडे के लिए 7 नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा। न्यूजीलैंड के हेड कोच रोब वाल्टर ने वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को तीन समूहों में बांटा है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद न्यूजीलैंड को 2 टेस्ट मैच भी खेलने हैं।

फिन एलेन, लॉकी फर्ग्यूसन और टीम सीफर्ट को आखिरी 2 वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है। ये तीनों पिछले 18 महीनों से न्यूजीलैंड की वनडे टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रोफेशनल टी-20 लीग में खेलने को प्राथमिकता दी। कोच रोब वाल्टर ने कहा कि 21 खिलाड़ियों को मौका मिलना न्यूजीलैंड की बेंच स्ट्रेंथ को दिखाता है। उन्होंने कहा कि फिन एलेन और टिम सेइफर्ट ने टी-20 फॉर्मेट में अपनी क्षमता दिखाई है। अब उनके पास 50 ओवर के फॉर्मेट में अपनी जगह मजबूत करने का मौका है।

दोनों खिलाड़ी चोट से उबरकर लौटेंगे

रचिन रवींद्र अक्टूबर में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान कैच लेने के लिए डाइव लगाते समय कंधा खिसका बैठे थे। इस वजह से वे टी-20 सीरीज के लिए चयन के उपलब्ध नहीं थे। वहीं, मार्क चैपमैन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टी-20 टीम में जगह नहीं बना सके। दोनों अब वनडे सीरीज से वापसी करेंगे।

भारतीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग के दूसरे सीजन की जर्सी का अनावरण

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग ने अपने दूसरे सीजन की जर्सी का अनावरण किया। शनिवार रात नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। लीग का दूसरा सीजन 25 नवंबर से 30 दिसंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगा, जिसमें कुल 127 मुकाबले खेले जाएंगे। जर्सी अनावरण समारोह में अभिनेत्री करिश्मा शर्मा और शेफाली बग्गा भी शामिल हुईं। इस आयोजन में खेल और मनोरंजन जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। लीग का उद्देश्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट की पहुंच बढ़ाना और खिलाड़ियों, टीमों, प्रायोजकों तथा खेल प्रेमियों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

◆ 25 नवंबर से बेंगलुरु में होंगे 127 मुकाबले

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सुरेश रैना ने कहा कि खेल से जुड़ी पहल लोगों को एकजुट करने, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों के लिए नए अवसर तैयार करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि लीग का दूसरा सीजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगा और सॉफ्टबॉल क्रिकेट में अधिक लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। लीग के अध्यक्ष डॉ. गंगाधर राजू ने कहा कि दूसरे सीजन में संगठित प्रतियोगिता और दर्शकों के साथ जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इस सीजन में 127 मुकाबलों की योजना है। हमारा उद्देश्य इस खेल की पहुंच बढ़ाना, खिलाड़ियों के लिए अवसर तैयार करना और देशभर की टीमों, भागीदारों तथा दर्शकों को एक मंच पर लाना है।' लीग का लक्ष्य सॉफ्टबॉल क्रिकेट को पेशेवर तरीके से आयोजित प्रतियोगिता के रूप में विकसित करना है, ताकि खेल में भागीदारी के साथ दर्शकों की रुचि भी बढ़ाई जा सके। बेंगलुरु में होने वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न टीमें और खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

रेनशॉ ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड



एजेंसी, डरबन। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान किसी एक टेस्ट पारी में निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेनशॉ ने तब क्रीज पर कदम रखा जब ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में था। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों (आठ से 11 नंबर) के साथ बल्लेबाजी करते हुए 397 गेंदों पर 190 रन की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनकी इस पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 390 रन बनाए। भारतीय स्टार कोहली ने 2016 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 235 रन की अपनी पारी के दौरान 171 रन निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ खेलते हुए बनाए थे जो कि एक रिकॉर्ड था।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद की अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट हैट्रिक

एजेंसी, अबू धाबी



बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया। वे देश के पहले तेज गेंदबाज बने, जिसने टेस्ट में हैट्रिक ली है। 26 साल के महमूद ने अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन लगातार गेंदों पर इस्मत आलम, कैस अहमद और जिया-उर-रहमान को आउट किया। महमूद ने 21 ओवर में 55 रन देकर 5 विकेट लिए। अफगानिस्तान की टीम पहली पारी में 240 रन पर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे और उसे 106 रन की बढ़त मिली। महमूद ने 83वें ओवर में इस्मत आलम को बोल्ड किया। उनकी गेंद इस्मत के डिफेंस को चकमा देकर स्टंप्स से जा टकराई। अगली गेंद पर उन्होंने कैस अहमद को आउट किया। विकेटकीपर लिटन दास ने स्टंप्स के पीछे नीचे कैच पकड़ा। इसके बाद जिया-उर-रहमान महमूद की हैट्रिक गेंद पर आउट हुए। गेंद जिया के पैड पर लगी और महमूद ने एलबीडब्ल्यू की अपील की। मैदानी अंपायर ने अपील खारिज कर दी। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने रिव्यू लिया। बॉल-ट्रैकिंग में दिखा कि गेंद ऑफ स्टंप से टकराती।

बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज

महमूद टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले बांग्लादेश के तीसरे गेंदबाज हैं। अलोक कपाली ने 2003 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ पहली हैट्रिक ली थी। इसके बाद सोहाग गाजी ने 2013 में चटगांव में न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक ली। दोनों स्पिन गेंदबाज थे। इसलिए महमूद बांग्लादेश के पहले तेज गेंदबाज हैं, जिसने टेस्ट क्रिकेट में यह उपलब्धि हासिल की है।

आरबीआई ने 13 एनबीएफसी के लाइसेंस किए रद्द

पश्चिम बंगाल की 11 एनबीएफसी समेत 13 कंपनियों पर आरबीआई की कार्रवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र पर नियामकीय सख्ती बढ़ाते हुए 13 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। इनमें पश्चिम बंगाल में पंजीकृत 11 कंपनियां शामिल हैं, जबकि दो कंपनियां तमिलनाडु में स्थित हैं। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। पंजीकरण रद्द होने के बाद ये कंपनियां गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के रूप में कारोबार नहीं कर सकेंगी। आरबीआई के अनुसार, यह कार्रवाई भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत की गई है। इन कंपनियों के पंजीकरण रद्द करने के आदेश सितंबर 2026 में अलग-अलग तारीखों पर जारी किए गए थे।

गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र में आरबीआई की सख्ती



फाइल फोटो

कार्रवाई की जद में नकोदर फाइनेंस, अजीतनाथ स्टील्स, एस्ट्रोल डीलकॉम, भाग्यश्री ट्रेडिंग, बू फाइनेंस कंपनी और ब्राइटेक्स फाइनेंशियल सर्विसेज सहित कई कंपनियां आई हैं। इसके अलावा सजीली विनिमय, भूमिका फिस्कल सर्विसेज, ब्लू माउंट एक्सपोर्ट्स, डेल्टा कैपिटल मार्केट, राजेश फिस्कल सर्विसेज, सरला फाइनेंस और श्रेयांस व्यापार के पंजीकरण भी रद्द किए गए हैं।

10 कंपनियों ने भी लौटाए पंजीकरण प्रमाणपत्र

आरबीआई ने एक अन्य विज्ञप्ति में बताया कि 10 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों ने भी अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस कर दिए हैं। इनमें छह कंपनियों ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कारोबार से बाहर निकलने के कारण यह कदम उठाया। इनमें प्रगति फिनकैप, राजलक्ष्मी वाणिज्य, विवृति कैपिटल, एमएसजे कोलोनाइजिंग एंड लीजिंग कंपनी, पीकेएसएल इन्वेस्टमेंट और एचसीएल कॉर्पोरेशन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पीसीआर इन्वेस्टमेंट्स और अपर्णा इन्वेस्टमेंट ने नियामकीय वर्गीकरण से जुड़ी निर्धारित शर्तें पूरी करने के बाद अपने प्रमाणपत्र लौटाए। वहीं, वंदना गृह निर्माण और रामसिसारिया बिल्डर्स ने कानूनी अस्तित्व समाप्त होने से संबंधित श्रेणी के तहत पंजीकरण प्रमाणपत्र वापस किए।

तिमाही नतीजों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी, मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आगामी सप्ताह में निवेशकों की नजर कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों और महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, विप्रो, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के परिणाम जारी होने हैं। खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। पश्चिम एशिया की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 562.63 अंक यानी 0.78 प्रतिशत बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 98.50 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ 22,520.45 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, मझोली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 में 0.32 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि स्मॉलकैप-100 में 0.5 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। कंपनियों के शेयरों में ट्रेंट 12.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा। वहीं, बीईएल में 3.91 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई। आगामी सप्ताह में कंपनियों के नतीजे, महंगाई और वैश्विक परिस्थितियां बाजार की निवेश धारणा को प्रभावित कर सकती हैं।

डीआरआई ने 11.50 करोड़ रुपए का विदेशी सोना पकड़ा

एजेंसी, कोलकाता



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पूर्वी भारत में सोने की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.8 किलोग्राम से अधिक विदेशी सोना जब्त किया है। जब्त सोने की कीमत 11.5 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी के अनुसार, तस्करी का नेटवर्क बांग्लादेश की सीमा से जुड़े इलाकों से संचालित हो रहा था और सोने को सड़क तथा रेल मार्गों के जरिए बड़े बाजारों तक पहुंचाया जा रहा था।

डीआरआई की टीम ने पश्चिम बंगाल के डंकुनी टोल प्लाजा पर एक वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन में चार लोग सवार थे, जो सीमावर्ती शहर बनगांव से कोलकाता जा रहे थे। तलाशी के दौरान करीब 6.8 किलोग्राम वजन की सोने की 50 छड़ें बरामद हुईं। इनकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई। कुछ छड़ों पर विदेशी निशान पाए गए। संबंधित लोग सोने के वैध कब्जे से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में बांग्लादेश से सोने की तस्करी किए जाने की बात सामने आई। गिरफ्तार लोगों में एक कथित सरगना भी शामिल है, जो बनगांव सीमा क्षेत्र में सक्रिय बताया गया है।

इसके अतिरिक्त, मालदा टाउन और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशनों पर की गई अलग-अलग कार्रवाइयों में लगभग एक किलोग्राम विदेशी सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है।

आज सात कंपनियों के आईपीओ खुलेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली

नए कारोबारी सप्ताह में प्राथमिक बाजार में सात कंपनियां अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर उतरेंगी। 12 से 16 अक्टूबर के बीच आने वाले इन आईपीओ में पांच कंपनियां मुख्य बाजार खंड और दो कंपनियां एसएमई खंड से संबंधित हैं। हालांकि, शेयर बाजार में सूचीबद्धता के लिहाज से सप्ताह सुस्त रहने वाला है। इस दौरान केवल आरके फैशन एसेसरीज के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्धता प्रस्तावित है।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 13 अक्टूबर को एचडी फायर प्रोजेक्ट का 712.31 करोड़ रुपये और रविता इंजीनियरिंग सर्विसेज का 116.05 करोड़ रुपये का आईपीओ खुलेगा। इसी दिन वैभव व्यापार का 42.10 करोड़ रुपये का निर्गम भी निवेशकों के लिए उपलब्ध होगा। इन तीनों निर्गमों में 15 अक्टूबर तक बोली लगाई जा सकेगी।

14 अक्टूबर को फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड का 702 करोड़ रुपये का आईपीओ खुलेगा। इसमें निवेशक 16 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगे। इसके बाद 15 अक्टूबर को सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज, टोन्बो इमेजिंग इंडिया और जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस लिमिटेड के आईपीओ खुलने प्रस्तावित हैं। इन तीनों निर्गमों में 19 अक्टूबर तक बोली लगाने का मौका मिलेगा। इनमें से कुछ आईपीओ के मूल्य दायरे और न्यूनतम आवेदन से जुड़ी जानकारी अभी घोषित नहीं की गई है। वहीं, 12 अक्टूबर को आरके फैशन एसेसरीज के शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगे। कंपनी का 34.99 करोड़ रुपये का आईपीओ पांच से सात अक्टूबर के बीच खुला था और इसे कुल 2.70 गुना अभिदान मिला था। अब निवेशकों की नजर नए आईपीओ के साथ आगामी सूचीबद्धताओं पर भी रहेगी।

◆ नए सप्ताह में सात कंपनियां जुटाएंगी बाजार से पूंजी

इक्विटी से विदेशी निवेशकों ने निकाले 44,166 करोड़ रुपए

एजेंसी, मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली जारी है। अक्टूबर में अब तक उन्होंने बाजार से 41,562 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई ने 58,442 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी। अक्टूबर में इक्विटी और हाइब्रिड उपकरणों में उनका निवेश घटा है, जबकि ऋण प्रतिभूतियों और म्यूचुअल फंड में निवेश सकारात्मक रहा है। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में इक्विटी से 44,166 करोड़ रुपये और हाइब्रिड उपकरणों से 160 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। वहीं, ऋण प्रतिभूतियों में उनका शुद्ध निवेश 2,574 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान म्यूचुअल फंड में विदेशी निवेशकों ने 189 करोड़ रुपये का निवेश बढ़ाया, जिसमें इक्विटी फंड की हिस्सेदारी सबसे अधिक 156 करोड़ रुपये रही। चालू कैलेंडर वर्ष में अब तक एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार से कुल 2,47,355 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसमें इक्विटी बाजार से 3,04,469 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी शामिल है। हालांकि, ऋण प्रतिभूतियों और म्यूचुअल फंड में विदेशी निवेशकों का निवेश बढ़ा है। लगातार जारी बिकवाली से भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पूंजी के प्रवाह पर दबाव बना हुआ है।

सुजलॉन का बड़ा निवेश, 15 हजार रोजगार के अवसर

सुजलॉन 550 करोड़ से लगाएगी तीन नए पवन ब्लेड कारखाने

एजेंसी, नई दिल्ली

पवन ऊर्जा उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सुजलॉन ग्रुप 550 करोड़ रुपये के निवेश से तीन नए कृत्रिम मेधा आधारित पवन टर्बाइन ब्लेड कारखाने स्थापित करेगा। कंपनी की योजना इन संयंत्रों को वर्ष 2027 तक तैयार करने की है। इनमें दो कारखाने गुजरात और कर्नाटक में तथा तीसरा तमिलनाडु में स्थापित किया जाएगा। कंपनी के सह-संस्थापक गिरीश तांती के अनुसार, निवेश की राशि आंतरिक स्रोतों से जुटाई जाएगी।

नई इकाइयों के शुरू होने के बाद कंपनी के विनिर्माण नेटवर्क में कुल 18 कारखाने हो जाएंगे। इन्हें पवन ऊर्जा परियोजना स्थलों के नजदीक स्थापित किया जाएगा, जिससे परिवहन और उपकरणों की आपूर्ति में तेजी आएगी। इन स्मार्ट कारखानों में कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स, उन्नत विश्लेषण और डिजिटल प्रणालियों का इस्तेमाल होगा। एआई आधारित तकनीक से उत्पादों की खामियों की तत्काल पहचान करने में भी मदद मिलेगी।



फाइल फोटो

◆ गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में सुजलॉन की नई इकाइयां

कंपनी के अनुसार, तीनों संयंत्रों से लगभग 3,000 प्रत्यक्ष और 12,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इनमें करीब 80 प्रतिशत रोजगार ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। मार्च 2026 तक कंपनी के पास लगभग छह गीगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजनाओं के ऑर्डर थे। नए कारखानों से उत्पादन क्षमता और आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है।